SUMMER न्यूज़

www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:35 बजे
सूर्यास्त शाम 5:39 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-52 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रुपये • मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## छठी मइया... लाएं सबके जीवन में बहार



अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्यः लुधियाना के पक्खोवाल रोड पर शाम को छठ पूजा के दौरान, डूबते सूर्य को 'संध्या अर्घ्य' दिया गया। यह भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। भक्त सूर्य को जल अर्पित करते हैं, जो इस पूजा का मुख्य हिस्सा है। -फोटो : लक्की भट्टी

## लव से शुरू हुआ झूठ LPG पर खत्म

# प्राइवेट वीडियो डिलीट न करने पर छात्रा ने लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दिखाई 'आग की साजिश'

**समर न्यूज़ | दिल्ली**

*दिल्ली के गांधी विहार इलाके में यूपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र रामकेश मीना (32) की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। उत्तर जिला पुलिस ने इस सनसनीखेज केस का खुलासा करते हुए फॉरेंसिक साइंस की छात्रा अमृता चौहान (21), उसके एक्स-बॉयफ्रेंड सुमित कश्यप (27) और दोस्त संदीप कुमार (29) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं।*

*पुलिस के मुताबिक, अमृता और रामकेश के बीच मई 2025 से लिव-इन रिलेशनशिप था। अमृता का आरोप है कि रामकेश ने उसके प्राइवेट वीडियो और फोटो बनाए थे और उन्हें डिलीट करने से इनकार कर रहा था। जब उसने बार-बार उनसे यह वीडियो मांगे, तो वह टालमटोल करने लगा। इससे परेशान होकर अमृता ने अपने पूर्व प्रेमी सुमित कश्यप से संपर्क किया और बदला लेने की योजना बनाई।*

**▪ 'आग से हादसा दिखाने' की साजिश...** *5-6 अक्टूबर की रात तीनों आरोपी गांधी विहार में रामकेश के कमरे पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, उन्होंने पहले गला घोंटकर हत्या की, फिर शव पर तेल, शराब और घी डालकर कमरे में आग लगा दी ताकि यह आगजनी से हुई दुर्घटना लगे। सुमित, जो कि एलपीजी सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूटर है, उसने गैस सिलेंडर का रेगुलेटर खोलकर लाइटर से विस्फोट कराया, ताकि पूरी तरह सबूत नष्ट हो जाएं।*

**▪ 'प्राइवेट वीडियो' वाली हार्ड डिस्क ले गए साथ..** *हत्या के बाद तीनों आरोपी मृतक के घर से हार्ड डिस्क, दो लैपटॉप और एक ट्रॉली बैग लेकर फरार हो गए। इन्हीं में वह सामग्री थी, जिसमें कथित तौर पर अमृता के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो सेव थे। पुलिस ने छापेमारी के दौरान यह सामान बरामद कर लिया है।*

***▪ सीसीटीवी और कॉल डिटेल से खुला राज...***
*6 अक्टूबर की रात मकान नंबर E-60, गांधी विहार की चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल ने आग बुझाई तो एक आंशिक रूप से जला शव मिला। सीसीटीवी फुटेज में दो नकाबपोश पुरुष और एक युवती रात 2:00 बजे के बाद इमारत में दाखिल होते दिखे। करीब 40 मिनट बाद सभी बाहर निकलते दिखाई दिए। अमृता का मोबाइल लोकेशन उसी वक्त घटनास्थल के आसपास पाया गया।*

***▪ तकनीकी जांच से गिरफ्तारी...***
*पुलिस ने कॉल रिकॉर्ड, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। 18 अक्टूबर को अमृता चौहान को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर लिया और बताया कि उसने यह हत्या अपने पूर्व प्रेमी सुमित कश्यप और मित्र संदीप कुमार के साथ मिलकर की। 21 अक्टूबर को सुमित और 23 अक्टूबर को संदीप भी पकड़े गए।*

***▪ पुलिस का निष्कर्ष...***
*डीसीपी (नॉर्थ) राजा बंठिया के अनुसार — "यह कोई हादसा नहीं बल्कि योजनाबद्ध हत्या थी। मकसद था प्राइवेट वीडियो को लेकर चल रही ब्लैकमेलिंग से छुटकारा पाना और सबूतों को आग में मिटा देना।"*

**लिव-इन-पार्टनर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था**



## न्यूज़ ब्रीफ

### डोनाल्ड ट्रम्प 6 साल बाद जापान दौरे पर

**टोक्यो|** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प छह साल बाद जापान पहुंचे, जहां वे प्रधानमंत्री साने ताकायची के साथ ट्रेड और इन्वेस्टमेंट डील पर बातचीत करेंगे। ट्रम्प आखिरी बार 2019 में जापान आए थे। टोक्यो में ट्रम्प की सुरक्षा के लिए 18,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। ट्रैफिक और एयरस्पेस को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। यह 2002 के बाद जापान का सबसे बड़ा सिक्योरिटी ऑपरेशन है। हाल के वर्षों में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों पर हुए हमलों शिंजो आबे की हत्या और फुमियो किशिदा पर हमला के बाद यह कदम उठाया गया है। जापान ने पहले ही अमेरिका में 46 लाख करोड़ रुपए निवेश का वादा किया है।

### रूस ने किया न्यूक्लियर मिसाइल का परीक्षण

**मॉस्को|** रूस ने बुरेवस्तनिक-9M739 नाम की दुनिया की पहली परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यह मिसाइल "अनलिमिटेड रेंज" वाली है और दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इसे रोक नहीं सकता। रूसी सेना प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव के अनुसार, 21 अक्टूबर को हुए परीक्षण में मिसाइल ने लगभग 15 घंटे उड़ान भरी और 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। उनका कहना है कि यह इसकी अधिकतम रेंज नहीं है और यह इससे भी अधिक दूरी तय कर सकती है।

### अमेरिका-चीन ट्रेड डील का फ्रेमवर्क तय

**मुंबई|** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क तय हो गया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की योजना को फिलहाल रोक दिया गया है। इसके बदले चीन फिर से अमेरिकी सोयाबीन की खरीद शुरू करेगा। यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आगामी मुलाकात से पहले लिया गया है। दोनों नेता इस हफ्ते दक्षिण कोरिया में इस समझौते पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प वर्तमान में एशियाई दौरे पर हैं और मलेशिया, थाईलैंड व कंबोडिया के बाद जापान रवाना हो चुके हैं।

# सभी लोग पुलिसकर्मियों की सेवा भाव का आदर करें : दत्ता

## लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता ने की एक शाम पुलिस के नाम कार्यक्रम में शिरकत

**समर न्यूज़ | जोधपुर**

सूर्यानगरी का स्वरूप फाउंडेशन और राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की ओर से एक शाम पुलिस के नाम कार्यक्रम का आयोजन बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में किया गया। यह कार्यक्रम जोधपुर पुलिस के जांबाज अधिकारियों और जवानों के सम्मान को समर्पित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच सहयोग, सम्मान और विश्वास को मजबूत करना था। आयोजन का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता ने किया, जबकि डॉ स्वरूप महेश्वरी प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा कार्यक्रम के संयोजक रहे।





कार्यक्रम में उपस्थित लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता।

लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता ने कहा कि मैं ये चाहूंगा, आप सभी लोग पुलिसकर्मियों की सेवा भाव का आदर करें। पुलिस वाले अपने सभी त्यौहार छोड़कर आप सभी लोगों की सेवा में लगे रहते हैं।

कार्यक्रम में आईजी, डीसीपी, एसीपी और एसपी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मंच पर सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कलाकार स्वरूप खान, गुलजार छन्नीवाला और विक्रम सरकार ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संयोजक डॉ स्वरूप महेश्वरी ने कहा कि यह आयोजन उन पुलिसकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रयास है जो दिन-रात समाज की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। कार्यक्रम की सफलता में सूर्यानगरी का स्वरूप फाउंडेशन के सचिव मालम सिंह राजपुरोहित, स्थानीय प्रशासन, मीडिया और जोधपुर के नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

## 1 नवंबर से दिल्ली में इन गाड़ियों की नो एंट्री

**नई दिल्ली|** वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने गैर-दिल्ली पंजीकृत वाणिज्यिक माल वाहनों के प्रवेश पर कड़ी पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। अब हल्के वाणिज्यिक वाहन, मध्यम माल वाहन और भारी माल वाहन यदि वे बीएस-VI मानकों के अनुरूप नहीं हैं, तो 1 नवंबर से दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इन पर सख्त प्रतिबंध लागू किया जाएगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि "सभी बीएस-6 मानक वाले वाणिज्यिक माल वाहनों को 31 अक्टूबर 2026 तक दिल्ली में प्रवेश की अनुमति दी गई है।

## यूके में भारतीय मूल की महिला से यौन उत्पीड़न, पुलिस ने कहा नस्लीय रूप से प्रेरित हमला

**लंदन।** ब्रिटिश सिख महिला के साथ ओल्डबरी में हुए भीषण दुष्कर्म के एक महीने बाद, वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस अब उत्तरी इंग्लैंड में एक और नस्लीय रूप से प्रेरित हमले की जांच कर रही है। यह मामला 20 वर्षीय भारतीय मूल की एक महिला से जुड़ा है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम वॉल्सॉल के पार्क हॉल इलाके में हुई। पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला सड़क पर परेशान हालत में दिखाई दे रही है, जिसके बाद जांच शुरू की गई। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज जारी किया है और जनता से जानकारी साझा करने की अपील की है। हमलावर का विवरण इस प्रकार है, गोरा पुरुष, उम्र करीब 30 वर्ष, छोटे बाल और घटना के समय काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। जांच का नेतृत्व कर रहे डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट रोनन टायर ने कहा कि यह एक युवा महिला पर बेहद घिनौना हमला था। हम आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि हमारी टीमें सबूत इकट्ठा कर रही हैं और हमलावर की प्रोफाइल तैयार कर रही हैं ताकि उसे जल्द से जल्द हिरासत में लिया जा सके। हम कई पहलुओं पर जांच कर रहे हैं, लेकिन यह बेहद जरूरी है कि घटना के समय किसी ने संदिग्ध व्यक्ति को देखा हो तो तुरंत सूचना दे।

# अमेरिका में भारतीय मूल की शिक्षिका गिरफ्तार

**▪ घर साफ न करने पर पति पर चाकू से हमला करने का आरोप**

**एजेंसी | अमेरिका**

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक भारतीय मूल की महिला, जो एक प्राथमिक स्कूल में असिस्टेंट टीचर के रूप में काम करती है। उसे पति पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



महिला की पहचान 44 वर्षीय चंद्रप्रभा सिंह के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने 12 अक्टूबर को अपने पति पर गैरकानूनी, जानबूझकर और गंभीर रूप से चाकू से वार किया। यह घटना चार्लोट के बैलेनटाइन इलाके के एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में हुई।

**▪ आरोप और जांच...** *चंद्रप्रभा सिंह एक स्कूल में किंडरगार्टन से तीसरी कक्षा तक की असिस्टेंट टीचर हैं। उन्हें घातक हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।*

**▪ क्या हुआ था...** *पीड़ित अरविंद सिंह, जो चंद्रप्रभा के पति हैं। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी घर साफ न करने की बात पर गुस्सा हो गईं और जानबूझकर चाकू से उस पर हमला कर दिया। वहीं चंद्रप्रभा सिंह ने पुलिस को अलग बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब वह नाश्ता तैयार कर रही थीं, तभी उनके पति ने पूछा कि क्या वह मदद कर सकते हैं। घर गंदा होने की वजह से पहले से नाराज़ चंद्रप्रभा ने बताया कि उन्होंने मुड़ते समय गलती से चाकू उनके पति की गर्दन पर जा लगा। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली और जब तक अधिकारी पहुंचे, अरविंद को गंभीर चोट लगने से अस्पताल ले जाया जा चुका था।*

**▪ अदालत में पेशी और रिहाई...** *गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट ने शुरू में चंद्रप्रभा सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया। लेकिन 13 अक्टूबर को अदालत में पेशी के दौरान उनकी जमानत लगभग 8.3 लाख तय की गई और उन्हें सरकारी वकील मुहैया कराया गया। उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया।*

# पंजाब-चंडीगढ़ समेत केंद्र को नोटिसः हाईकोर्ट में सुनवाई, हादसे के बाद नहीं मिला समय पर इलाज

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाबी गायक राजवीर जवांदा की सड़क हादसे में हुई मौत को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ प्रशासन और नेशनल मेडिकल कमीशन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह याचिका सीनियर एडवोकेट नवकिरण सिंह ने दाखिल की है। उनका कहना है कि हादसे के तुरंत बाद उचित इलाज न मिलने के कारण गायक की जान गई। जिस निजी अस्पताल में उन्हें पहले ले जाया गया, वहां उन्हें प्राथमिक उपचार तक नहीं दिया गया। याचिका में यह भी मांग की गई है कि भविष्य में ऐसे मामलों से बचने के लिए निजी अस्पतालों में सड़क हादसा पीड़ितों के इलाज के लिए ठोस और बाध्यकारी व्यवस्था बनाई जाए।



याचिकाकर्ता ने दलील दी कि राजवीर जवांदा को हादसे के तुरंत बाद जिस अस्पताल में ले जाया गया, वहां उन्हें न तो पर्याप्त चिकित्सा सुविधा मिली और न ही प्राथमिक सहायता दी गई। इस आधार पर याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक स्थायी तंत्र बनाया जाए।

**▪ हादसे की जांच और साक्ष्य...** एडवोकेट नवकिरण सिंह ने बताया कि "शुरुआत में हमें यह जानकारी नहीं थी कि हादसा पिंजौर में हुआ था, इसलिए हमने पहले हिमाचल हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। बाद में जब पता चला कि दुर्घटना स्थल पिंजौर है, तो मैं एक पत्रकार के साथ मौके पर गया, वहां जाकर पूरी स्थिति का जायजा लिया।

## अल्बानिया की पहली AI मंत्री प्रेग्नेंट, 83 बच्चों को जन्म देगी

**बर्लिन|** अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने कहा है कि देश की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्री डिएला गर्भवती है और जल्द ही 83 एआई बच्चों को जन्म देगी। उन्होंने यह जानकारी बर्लिन ग्लोबल डायलॉग सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। प्रधानमंत्री रामा ने कहा, "हमने डिएला के साथ एक बड़ा प्रयोग किया और यह बेहद सफल रहा। अब डिएला पहली बार 'प्रेग्नेंट' है। ये 83 AI बच्चे हर सांसद के लिए सहायक के रूप में काम करेंगे।" रामा ने बताया कि ये वर्चुअल असिस्टेंट संसदीय सत्रों में भाग लेंगे।

## सिटीजन रिपोर्टर

***अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।***

## पेज 1 एंकर स्टोरी

## 'जाने भी दो यारों' से अमर हुई थी सतीश शाह की कॉमेडी विरासत

# आखिरी संवाद... 'मैं तब भिखारी था, चॉइस करने की औकात नहीं थी'

**एजेंसी | मुंबई**

भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता सतीश शाह का शनिवार को 74 वर्ष की आयु में किडनी फेल होने से निधन हो गया था। 'जाने भी दो यारों' जैसी कल्ट फिल्म से भारतीय कॉमेडी को नई दिशा देने वाले इस कलाकार ने अपने अभिनय से करोड़ों दर्शकों को हंसाया, सोचने पर मजबूर किया और अब पीछे छोड़ गए एक अमर विरासत।

**▪ "जाने भी दो यारों" का पागलपन और जादू...**
सतीश शाह ने एक पुराने इंटरव्यू में फिल्म 'जाने भी दो यारों' के अनुभव को याद करते हुए कहा था —"पहले तो किसी को यकीन ही नहीं था कि यह फिल्म चलेगी — न किसी एक्टर को, न क्रू को सिर्फ कुंदन शाह को भरोसा था।"

हँसते हुए उन्होंने आगे कहा, "हमने यह फिल्म की, क्योंकि मेरे पास कोई चॉइस नहीं थी। मैं तब भिखारी था, चुनने की औकात नहीं थी। शूटिंग के दौरान तो रोज झगड़े होते थे — बहस, तर्क-वितर्क क्योंकि फिल्म हर बार लॉजिक को तोड़ देती थी।"

**▪ प्रीमियर का किस्साः जब टिकट खुद खरीदनी पड़ी...**
सतीश शाह ने फिल्म के प्रीमियर से जुड़ा मज़ेदार किस्सा भी बताया था। "आप यकीन नहीं करेंगे, 'जाने भी दो यारों' के प्रीमियर के लिए कुंदन ने कहा कि सबको खुद टिकट खरीदनी पड़ेगी। तो हमने टिकट खरीदी और खुद अपनी फिल्म देखने गए!"हालाँकि शुरुआत में फिल्म को ठंडी प्रतिक्रिया मिली, लेकिन आगे चलकर यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी व्यंग्य रचनाओं में से एक बन गई। एक ऐसी फिल्म जो भ्रष्टाचार, लालच और पाखंड पर हंसते-हंसते वार करती है।



### शिक्षा और अमर विरासत...

*सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज, मुंबई से ग्रेजुएशन किया और फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया पुणे से अभिनय की औपचारिक ट्रेनिंग ली। 'मैं हूँ ना', 'कल हो ना हो' जैसी फिल्मों में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों के दिल जीत लिए। टीवी पर किरदार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' आज भी हर घर में याद किया जाता है। सतीश शाह की ज़िंदगी हास्य का आईना थी, जहाँ हँसी सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समझदारी की भाषा थी। 'जाने भी दो यारों' का उनका बयान आज भी गूँजता है -"हमने पागलपन किया, और वही पागलपन अमर हो गया।"*

# पतंजलि तेल व अमूल दही फेल, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की प्रयोगशाला जांच में फेल पाए

**समर न्यूज़ | गोरखपुर**

भारत के दो सबसे भरोसेमंद फूड ब्रांड पतंजलि और अमूल खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की प्रयोगशाला जांच में फेल पाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पतंजलि का रिफाइंड ऑयल और अमूल का दही तय मानकों पर खरे नहीं उतरे। ये रिपोर्टें नमूने लिए जाने के छह महीने बाद सामने आई हैं।

**▪ अमूल का दही भी निकला घटिया गुणवत्ता का...** सितंबर में एफएसडीए टीम ने गोरखपुर के गोलघर इलाके में डेयरी उत्पादों की गाड़ियों से अमूल दही के सैंपल लिए थे। हाल ही में आई रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि यह दही गुणवत्ता और शुद्धता के मानकों पर खरा नहीं उतरा। अधिकारियों को शक है कि परिवहन या कोल्ड स्टोरेज की गलत व्यवस्था के कारण दही की गुणवत्ता प्रभावित हुई। रिपोर्ट को अब उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है ताकि सप्लायर और डिस्ट्रीब्यूटर पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। **▪ दीवाली से पहले 15 क्विंटल मिलावटी खोया नष्ट करने का आदेश...** दीवाली से पहले विभाग ने 15 क्विंटल खोया जब्त किया, जो बस और हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन से गोरखपुर लाया गया था। संदेह है कि यह खोया मिलावटी या घटिया गुणवत्ता का था। इसलिए विभाग ने इसे नष्ट करने का फैसला किया है। डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि 12 क्विंटल खोया बस से और 3 क्विंटल कानपुर से ट्रेन द्वारा आया था। जब्त किए गए खोये की कुल कीमत लगभग 3 लाख है। चूंकि कोई खरीदार सैंपल सहित दावा करने नहीं आया, इसलिए इसे सहजनवा के सुथनी इलाके में नगर निगम की मदद से नष्ट किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है ताकि मिलावटी उत्पाद बाजार में न पहुंच सकें, खासकर त्योहारों के समय जब दूध और मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है।




**▪ एफएसडीए ने बढ़ाई निगरानी...**
दीवाली जैसे त्योहारों में मिलावटखोरी की आशंका को देखते हुए एफएसडीए गोरखपुर ने जिले भर में यादृच्छिक निरीक्षण शुरू किए हैं। जांच का मुख्य फोकस दूध, घी, तेल और मिठाइयों जैसे उत्पादों पर है, जो मिलावट के सबसे ज्यादा शिकार होते हैं।

# भगवंत सिंह मान ने राष्ट्रपति को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस समारोहों में शामिल होने का आमंत्रण दिया

**» पंजाबभर में इन पवित्र आयोजनों को गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए पहले ही कई कार्यक्रमों की योजना बनाई**

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली/चंडीगढ़**



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोहों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यहां राष्ट्रपति भवन में हुई बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारत की राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित पवित्र समारोहों में शामिल हों। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने का आग्रह किया गया है और उनके दौरे की रूपरेखा को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन समारोहों का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति महोदया के साथ साझा कर दिया गया है और उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपनी सुविधा अनुसार इनमें शामिल हों।

भगवंत सिंह मान ने भारत के राष्ट्रपति को बताया कि राज्य सरकार ने पंजाबभर में इन पवित्र आयोजनों को गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए पहले ही कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हिंद की चादर' (धर्म के रक्षक) श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर पंजाब सरकार बड़े पैमाने पर आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि यह श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम पूरे राज्य में अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ होंगे, जिनका मुख्य आयोजन श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर राज्य सरकार की देखरेख में होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास और गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब से विशाल कीर्तन दरबार के आयोजन के साथ ये स्मृति समारोह पिछले शनिवार से आरंभ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर से 18 नवंबर तक पंजाब के सभी ज़िलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। इसी तरह गुरु साहिब के चरणों से पवित्र हुए नगरों और कस्बों में कीर्तन दरबार सजेगा, तथा 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में भी कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि 19 नवंबर को श्रीनगर से नगर कीर्तन निकाला जाएगा जिसमें सैकड़ों कश्मीरी पंडित भी शामिल होंगे। इसी प्रकार 20 नवंबर को तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो), फरीदकोट और गुरदासपुर से तीन नगर कीर्तन निकाले जाएंगे, और ये चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में एक साथ संपन्न होंगे।

भगवंत सिंह मान ने बताया कि इस पवित्र अवसर के उपलक्ष्य में 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में भव्य समारोह आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा के लिए "चक नानकी" नामक "टेंट सिटी" स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही गुरु साहिब के जीवन-दर्शन और उनके अमर संदेश पर आधारित प्रदर्शनियों, ड्रोन शो और अंतर-धार्मिक सम्मेलन का भी आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की प्रमुख हस्तियाँ गुरु साहिब के जीवन, उनके दर्शन और धार्मिक स्वतंत्रता व मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दी गई उनकी अतुलनीय शहादत पर अपने विचार साझा करेंगी।

# एनएचएआई के चेयरमैन ने कैबिनेट मंत्री अरोड़ा को आदमपुर हवाई अड्डे के लिए बेहतर सड़कीय संपर्क का भरोसा दिया

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के चेयरमैन श्री संतोष कुमार यादव, जिनके साथ डीजीएम (तकनीकी) और एनएचएआई के अन्य अधिकारी शामिल थे, के साथ व्यापक बैठक कर पंजाब भर में चल रहे प्रोजेक्टों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ बुनियादी ढांचे से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने आदमपुर हवाई अड्डे के पास लगभग तीन किलोमीटर के हिस्से को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि यह हिस्सा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसे एनएचएआई द्वारा तुरंत विचार किया जाना चाहिए ताकि हवाई अड्डे तक सुरक्षित और कुशल सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान लुधियाना-रूपनगर हाईवे प्रोजेक्ट पर भी विशेष चर्चा हुई, जिसके संबंध में कैबिनेट मंत्री ने इसके कार्यान्वयन में हो रही देरी का उल्लेख करते हुए संबंधित प्रोजेक्ट के लिए पुनः टेंडर जारी करने और इसे तेजी से पूरा करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया, ताकि लंबे समय से लंबित कार्यों को बिना किसी रुकावट के जल्द पूरा किया जा सके। श्री अरोड़ा ने पंजाब सरकार की माइनिंग नीति के अनुसार प्रोजेक्टों के लिए मिट्टी भराई के कार्य में सहायता का भरोसा दिया। एनएचएलएमएल पार्किंग प्रोजेक्ट के बारे में कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने उच्च अधिकारियों के स्तर पर हो रही देरी को उजागर करते हुए कहा कि इससे टेंडर और निर्माण कार्य रुके हुए हैं, जिस पर एनएचएआई के चेयरमैन ने तुरंत एनएचएलएमएल के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अनुमतियाँ देने के निर्देश दिए ताकि कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सके। लुधियाना साइकिल ट्रैक की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) पंजाब द्वारा सख्त निगरानी और सीधे हस्तक्षेप की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एनएचएआई का यह पायलट प्रोजेक्ट आने-जाने वालों और साइकिल सवारों की सुविधा के लिए समय पर पूरा हो सके।

बैठक में दिल्ली-कटरा हाईवे को प्रभावित करने और बार-बार सामने आने वाले फंड रिलीज़ और पोर्टल संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने ज़ोर देकर कहा कि केंद्रीय फंड पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याएँ काम में बाधा डाल रही हैं और वित्तीय अनिश्चितता का माहौल बना रही हैं; चेयरमैन ने आरओ पंजाब को पोर्टल से संबंधित सभी मुद्दों को तुरंत हल करने और निर्बाध फंड प्रवाह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जालंधर-अमृतसर हाईवे प्रोजेक्ट की विस्तृत समीक्षा की गई, जहाँ दोनों अधिकारियों ने मरम्मत से संबंधित लंबित कार्यों पर चर्चा की और यातायात के सुचारू प्रवाह और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्य योजनाओं पर सहमति व्यक्त की।

# श्री आनंदपुर साहिब में रोज़ाना 12 हज़ार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण शुरू : सौंद

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



पंजाब के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि यह टेंट सिटी तीन स्थानों अगमपुर, पीएसपीसीएल ग्राउंड मटौर और झिंझड़ी में स्थापित की जा रही है। सौंद ने कहा कि पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा टेंट सिटी की स्थापना पर लगभग 21.52 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। इस टेंट सिटी में रोज़ाना 10 से 12 हज़ार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। यहाँ श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। यह टेंट सिटी 19 नवंबर से 30 नवंबर तक संचालित रहेगी। उन्होंने बताया कि टेंट की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी जानकारी शीघ्र सार्वजनिक की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि टेंट सिटी तक पहुँचने वाली सड़कों का नवीनीकरण कार्य भी पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि इन आयोजनों की सफलता और सुचारू रूप से प्रबंधन के लिए पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया गया है, और इस दिशा में विभाग पूरी निष्ठा और समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इन पवित्र आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लें।

# मान सरकार का संकल्प : पंजाब के युवा नौकरी मांगने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनेंगे

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में एक नए, क्रांतिकारी युग की शुरुआत कर दी है। सरकार का स्पष्ट विज़न है कि पंजाब के युवाओं के भाग्य को बदला जाए, उन्हें केवल नौकरी चाहने वाला (Job Seeker) नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला (Job Giver) बनाया जाए। यह एक दूरगामी विजन है जो 'रंगला पंजाब' के सपने को साकार करने की नींव भी रखेगा।

मान सरकार की नीतियों का मूलमंत्र 'अवसर की समानता' है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वित्तीय बाधाओं के कारण कोई भी छात्र शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। इसी क्रम में, 231.74 करोड़ के निवेश से स्थापित 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' में पढ़ने वाले सभी छात्रों को मुफ्त यूनिफॉर्म और बस सेवा प्रदान की जा रही है, जिसका विशेष लाभ छात्राओं को मिल रहा है। मुख्यमंत्री मान ने मोरिंडा के स्कूल ऑफ एमिनेंस में छात्रों से बातचीत में जोर देकर कहा कि ये 'आधुनिक युग के मंदिर' सरकारी शिक्षा प्रणाली में माता-पिता का विश्वास बहाल कर रहे हैं।

आज के दौर में केवल स्कूली शिक्षा पर्याप्त नहीं है, इस बात को समझते हुए 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' में छात्रों को विशेष कोचिंग प्रदान की जा रही है। इन विशेष कक्षाओं में NEET, JEE, CLAT, NIFT और रक्षा सेवाओं की तैयारी शामिल है। मुख्यमंत्री मान ने बताया कि यह पहल पंजाब के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बना रही है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।

पंजाब सरकार के इन प्रयासों ने सरकारी स्कूलों के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के नए आयाम छूने में सक्षम बनाया है। मुख्यमंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सरकारी स्कूलों से 265 छात्रों ने JEE Mains, 74 ने JEE Advanced और 848 ने NEET जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया है। यह शानदार प्रदर्शन सिद्ध करता है कि सही मार्गदर्शन और सुविधाओं के साथ, पंजाब के युवा किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना कि उनकी सरकार एक ओर युवाओं को रोजगार देने के लिए अभूतपूर्व कदम उठा रही है, वहीं दूसरी ओर उनकी असीम ऊर्जा को रचनात्मक विकास की दिशा में चैनलाइज़ भी कर रही है। 'जॉब गिवर' बनने का यह संकल्प युवाओं को केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित रखने के बजाय, उन्हें उद्यमी बनने, नवाचार करने और राज्य के आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करता है।

शिक्षा को और भी अधिक प्रभावी बनाने और नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए, 'स्कूल मेंटरशिप प्रोग्राम' की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के तहत, राज्य के वरिष्ठ अधिकारी सरकारी स्कूलों के छात्रों को मेंटर (मार्गदर्शक) कर रहे हैं। यह अनूठी पहल छात्रों को वास्तविक दुनिया के अनुभव, प्रेरणा और कॅरिअर मार्गदर्शन प्रदान करती है, जिससे वे आत्मविश्वास से भरे और भविष्य के लिए तैयार युवा नेता बन सकें।

मान सरकार का यह मानना है कि शिक्षा ही सबसे बड़ा सशक्तिकरण है। यह एक ऐसी क्रांति है जो युवाओं को केवल नौकरी मांगने की मानसिकता से बाहर निकालती है और उन्हें क्षमतावान, आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में आकार देती है।

यह स्पष्ट है कि मान सरकार के शिक्षा सुधारों के माध्यम से पंजाब का भविष्य उज्ज्वल है, जहां हर युवा न केवल अपने सपनों को साकार करेगा, बल्कि एक सशक्त और 'रंगला पंजाब' बनाने में भी सक्रिय योगदान देगा। यह परिवर्तनकारी कदम राज्य के विकास को एक नई गति प्रदान करने के लिए तैयार है।

# पंजाब को मिला देश का नया औद्योगिक राजधानी का दर्जा

**» पंजाब बनेगा अब भारत का नया विनिर्माण गंतव्य, एमएसएमई उद्यम पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़**

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



पंजाब, जो सदियों से अपनी उपजाऊ ज़मीन और किसानी के लिए जाना जाता है, आज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जी के नेतृत्व में एक नया इतिहास लिख रहा है। यह सिर्फ फैक्ट्रियां लगाने की बात नहीं है, यह पंजाबियत के साहस को फिर से जगाने की बात है जो मुश्किलों में भी मुस्कुराना जानता है। मान सरकार का उद्देश्य है कि पंजाब को सिर्फ एक सेक्टर (खेती) पर निर्भर न रखकर, इसे 'मल्टी-सेक्टर ग्रोथ' का एक मज़बूत मॉडल बनाना है।

आँकड़े बताते हैं कि मार्च 2022 से अब तक राज्य को 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं! यह सिर्फ संख्याएँ नहीं हैं, ये 4.7 लाख से अधिक युवाओं के परिवारों के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का सपना है। जब IOL केमिकल्स जैसी बड़ी कंपनियाँ बरनाला में 1133 करोड़ का मेगा-निवेश करती हैं, तो यह केवल एक प्लांट नहीं बनता, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव को पंजाब की धरती पर और मज़बूत करता है। बड़ी कंपनियाँ जैसे नेस्ले, कारगिल, डैनोन जैसी वैश्विक कंपनियाँ अब पंजाब की औद्योगिक पहचान बन गई हैं।

हर नया उद्योग पंजाब के नौजवानों के लिए खुला आसमान लेकर आता है, जहाँ वे अपने सपनों को ऊँची उड़ान दे सकते हैं। मान सरकार ने व्यापार करने के तरीके को सरल, पारदर्शी और तेज़ बनाकर उद्योगपतियों का विश्वास जीता है। पुरानी लालफीताशाही की जंजीरें टूट रही हैं और सिंगल विंडो सिस्टम ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस को एक नई ऊँचाई दी है। 'राइट टू बिज़नेस एक्ट' में संशोधन होने से अब उद्योगपति बिना किसी अनावश्यक देरी के अपनी गतिविधियाँ शुरू कर सकते हैं। ज़रूरी मंज़ूरियाँ कुछ ही दिनों में, यहाँ तक कि 3 से 18 दिनों के भीतर मिल जाती हैं। यह दिखाता है कि सरकार का मन साफ है और नीयत पक्की है।'पंजाब उद्योग क्रांति' के तहत 12 नई पहलें शुरू की गई हैं जो उद्योगों के साथ सरकार के तालमेल को क्रांतिकारी बना रही हैं।

पंजाब अब सिर्फ़ कृषि का 'अन्न भंडार' नहीं रहा, यह विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का भी एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। टेक्सटाइल, ऑटो कंपोनेंट्स, हैंड टूल्स, साइकिल उद्योग, ये पंजाब के लोगों की दक्षता और मेहनत की कहानी कहते हैं। देश का 'फ़ूड बाउल' होने के नाते, इस क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं, जिससे किसान भी सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

मान सरकार अब फिल्म सिटी और खेलों के बुनियादी ढांचे (जैसे अमृतसर में नया क्रिकेट स्टेडियम) पर भी ध्यान दे रही है, जो पंजाब को मनोरंजन और पर्यटन का भी केंद्र बनाएगा। MSMEs ये उद्यम पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जिन्हें आधुनिक बुनियादी ढांचे और सहयोग से मज़बूत किया जा रहा है। पंजाब की यह प्रगति केवल आर्थिक नहीं है, यह भावनाओं की जीत है। यह उस जवान की जीत है जो अब अपने घर के पास ही रोज़गार पाकर अपने बुज़ुर्गों का सहारा बन सकता है। यह उस माँ की जीत है जिसे अपने बेटे को विदेश नहीं भेजना पड़ेगा। यह मान सरकार की पारदर्शिता और ईमानदारी की जीत है जिसने भ्रष्टाचार को किनारे कर विकास को आगे बढ़ाया है।

पंजाब एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है—खुशहाल, प्रगतिशील और आत्मनिर्भर। यह सफर प्रेरणादायक है, और हर पंजाबी के लिए गर्व का विषय है! आज पंजाब सही मायने में 'ग्रीन इंडस्ट्रियल स्टेट' बनने की ओर अग्रसर है, जहाँ कृषि और उद्योग के बीच सही संतुलन स्थापित हो रहा है। मान सरकार का 'फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल' निवेशकों को तेज़ी से मंजूरी दिलाकर इस पुनर्जागरण को गति दे रहा है। यह सिर्फ एक शुरुआत है, 'उद्यमियों का स्वर्ग' बनने की दिशा में पंजाब का संकल्प अटूट है। मान सरकार का मानना है कि यह केवल 'मैन्युफैक्चरिंग पुनर्जागरण' नहीं है; यह हमारे आत्मविश्वास का पुनर्जन्म है।

# पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट होकर ली शपथ

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



केंद्रीय सतर्कता आयोग के नेतृत्व में देशभर में शुरू की गई पहल के तहत, पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा भी 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक पूरे राज्य में वार्षिक विजिलेंस जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा।

इस सप्ताह को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ मनाने के उद्देश्य से, आज विजिलेंस ब्यूरो मुख्यालय मोहाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने की शपथ ली। यह शपथ संयुक्त निदेशक (शिकायत शाखा) प्रभजोत कौर ने विशेष डी.जी.पी.-कम-चीफ डायरेक्टर प्रवीन कुमार सिन्हा, तुषार गुप्ता और डियामा हरीश कुमार ओमप्रकाश (दोनों संयुक्त निदेशक) तथा हरप्रीत सिंह, ए.आई.जी. (आर्थिक अपराध विंग) की उपस्थिति में दिलाई।

इस संबंध में आज एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी दफ्तरों से भ्रष्टाचार समाप्त करने हेतु ब्यूरो की ठोस और बहुआयामी पहलों में शामिल होने के लिए जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है। यह सप्ताह "चौकसी : हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी" की थीम के तहत मनाया जाएगा, जो नैतिक प्रशासन को सुदृढ़ करने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रवक्ता ने बताया कि अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विजिलेंस ब्यूरो की सभी रेंजों के अधिकारियों को प्रत्येक ज़िले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तरनतारन उपचुनाव को लेकर पोलिंग स्टाफ की रिहर्सल

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



आगामी 11 नवंबर को होने वाले विधानसभा क्षेत्र 021-तरन तारन उपचुनाव के मद्देनज़र जिला चुनाव कार्यालय द्वारा नियुक्त पोलिंग स्टाफ की पहली रिहर्सल हाल ही में माई भागो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, पिद्दी (तरन तारन) में आयोजित की गई। इस रिहर्सल का जायज़ा लेने के लिए पंजाब के संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सकतर सिंह बल, पी.सी.एस विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर तरन तारन विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कम एस.डी.एम गुरमीत सिंह, पी.सी.एस तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने लगभग 1200 पोलिंग कर्मचारियों को ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट सहित मतदान दिवस की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें मतदान के दिन की कार्यप्रणाली और सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर प्रेसाइडिंग अधिकारियों (पी आर ओज ) को ईवीएम-वीवीपैट की मॉक ड्रिल करवाई गई, जिसमें सभी प्रत्याशियों (नोटा सहित) को कम से कम 5 वोट डालकर कुल 100 वोटों की डेमो प्रक्रिया के माध्यम से मशीन की कार्यप्रणाली समझाई गई। पीआरओज ने ईवीएम और वीवीपैट की 100 प्रतिशत विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया।

सकतर सिंह बल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और तत्परता से निभाएँ। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक सदस्य को ईवीएम सहित पूरी चुनाव प्रक्रिया की गहन जानकारी अवश्य प्राप्त करनी चाहिए ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में ज़रा सी भी गलती अस्वीकार्य होती है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को अपनी तैयारी पूर्ण रखनी चाहिए।

रिटर्निंग अधिकारी गुरमीत सिंह ने बताया कि पोलिंग स्टाफ की अगली रिहर्सल 2 नवंबर को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उपचुनाव की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और पूरा चुनाव कार्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं स्वतंत्र वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने हलके के मतदाताओं से अपील की कि वे बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# मेघालय और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों को दिया निमंत्रण

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**






नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में देशभर के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण देने की मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की पहल के तहत स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड कॉन्गकल संगमा से, तथा लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. और जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी से भेंट की और उन्हें अगले महीने श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले मुख्य आयोजनों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

कैबिनेट मंत्रियों ने दोनों मुख्यमंत्रियों को बताया कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हक, सच और धर्म की आज़ादी के सिद्धांतों की रक्षा हेतु जो अद्वितीय शहादत दी, उसकी स्मृति में पंजाब सरकार पूरे राज्य में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इन आयोजनों का मुख्य समारोह 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में होगा। इन आयोजनों के लिए निजी तौर पर निमंत्रण हेतु पंजाब सरकार की इस पहल के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए मेघालय और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों ने कहा कि गुरु साहिब का शांति, आपसी भाईचारे और सर्वधर्म समभाव का संदेश समूची मानवता के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार गुरु साहिब जी के जीवन, उपदेशों और शहादत से जुड़े विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर व्यापक स्मृति समारोह आयोजित कर रही है।

उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने नौवें गुरु साहिब के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में देशभर के मुख्यमंत्रियों को व्यक्तिगत निमंत्रण देने की जिम्मेदारी अपने कैबिनेट मंत्रियों को सौंपी है।

कैबिनेट मंत्री देश के विभिन्न राज्यों में जाकर मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दे रहे हैं ताकि देश के कोने-कोने से प्रमुख राजनीतिक नेता और विशिष्ट व्यक्ति इन ऐतिहासिक आयोजनों में भाग ले सकें।

महीने भर चलने वाले इन आयोजनों की शुरुआत दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ हो चुकी है। इस अवसर पर पूरे पंजाब के पवित्र स्थलों पर लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, चार पवित्र स्थानों — श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर), गुरदासपुर, फरीदकोट और तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो) — से नगर कीर्तन आरंभ होंगे, जिनकी समाप्ति 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में होगी। मुख्य आयोजनों में सर्व-धर्म सम्मेलन, पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र और विशाल कीर्तन दरबार शामिल होंगे।



## वार्डबंदी संबंधी अधिसूचना के बाद डिनर डिप्लोमेसी का दौर चला

### मैं बोलूंगा तो...

▪ *मोहाली में वार्डबंदी संबंधी अधिसूचना जारी होने के बाद, ब्रेकफास्ट, लंच और कॉकटेल डिनर की रणनीति पर अमल शुरू :*

*दोनों प्रमुख दलों के अलावा, तीसरे और चौथे दल के पास अपने संभावित उम्मीदवारों को बचाने के लिए विशेष योजनाएँ और विचार*

*वार्ड सीमाओं के संबंधी अधिसूचना जारी होने के बाद, अब चर्चा का विषय टिकट उपलब्धि ही रह गया है। फिर इसके लिए कोई भी तरीका क्यों न अपनाया जाए, क्या यह आलाकमान के लिए आसान होगा या फिर किसी ताकतवर विपक्षी नेता के प्रस्ताव पर विचार किया जाए। पंजाब स्थानीय निकाय विभाग द्वारा कल मोहाली निगम की वार्ड सीमाओं के विस्तार संबंधी अधिसूचना जारी होने के बाद, आगामी निगम चुनाव चर्चा का विषय बन गए हैं। इन सबके मद्देनजर, मोहाली के कई नेता इस दुविधा में हैं कि इस बार अपनी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ें या किसी ताकतवर विपक्षी नेता के पीछे पड़कर अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित करें। विभिन्न दलों के कई पार्षदों ने दो महत्वपूर्ण स्थानीय नेताओं के बाद तीसरे और चौथे दल के आलाकमान के माध्यम से अपनी बात रखनी शुरू कर दी है। इसका एक स्पष्ट उदाहरण पिछले दिनों एक धार्मिक कार्यक्रम में देखने को मिला जब विपक्षी दल के नेता ने उनसे बात की, तो उन्होंने साफ़ कहा कि मैंने आपके ख़िलाफ़ कभी व्यक्तिगत रूप से कुछ नहीं कहा। पार्टी में होने के नाते, पार्टी के बारे में बात करनी ही पड़ती है। इससे, साथ खड़े विषय विशेषज्ञों ने अपने-अपने स्तर पर यह स्पष्ट कर दिया है। यह स्पष्ट करने के लिए कि अगली बार दूसरे दल के खेमे में यह बात साफ़ तौर पर दिखाई देगी, अभी पिछले दिन ही एक शादी समारोह में इकट्ठा हुए दो नेता, दो अलग-अलग दलों के नेताओं की एक संयुक्त फ़ोटो के बाद, अपने क़रीबी दोस्तों से पूछ रहे थे, "क्या अब आप दूसरी पार्टी में जा रहे हैं या आपके बगल वाला आपकी पार्टी में आ रहा है?" इससे साफ़ ज़ाहिर है कि आप तभी उठते हैं जब कहीं आग लग जाती है। और जब इन दो अलग-अलग दलों के नेताओं के बीच गुप्त मुलाक़ातों और फ़ोटो खिंचवाने की बात सामाजिक तौर पर सामने आई, तो ऐसा होना स्वाभाविक ही था। बेशक, जब सामाजिक तौर पर मिल रहे विभिन्न दलों के दूसरे और तीसरे दर्जे के नेताओं के बीच की बातचीत आम लोगों तक पहुँचती है, तो यह बात उनके आलाकमान के शीर्ष नेताओं तक भी आसानी से पहुँच जाती है। अपनी-अपनी पार्टियों के नेताओं को बचाने के लिए उन्होंने ब्रेकफास्ट, लंच और कॉकटेल डिनर की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। और आने वाले समय में शुरू होने वाली गुप्त बैठकों पर सबकी पैनी नज़र रहेगी। चाहे जो भी हो, किस पार्टी से टिकट लेना है और किस पार्टी से गद्दारी करनी है या फिर अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित रखना है और इन सबका फ़ायदा किसे होगा, ये तो अभी भविष्य के गर्भ में है, आमीन!*

**-प्रदीप सिंह हैप्पी**

### जन्मदिन/शादी मुबारक

**शादी की वर्षगांठ, नवविवाहित जोड़ा या बच्चे के जन्मदिन की फोटो छपवाने के लिए इस नंबर 7986630191 पर भेजें। फोटो भेजते वक्त नाम, उम्र और पता जरूर लिखें। ये सभी फोटो मुफ्त प्रकाशित होंगी।**

# कंगना रनोट ने बठिंडा कोर्ट में मांगी माफी कहा, मेरी मंशा अपमान करने की नहीं थी

**समर न्यूज | बठिंडा**



हिमाचल प्रदेश की मंडी से बीजेपी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनोट सोमवार को मानहानि केस में बठिंडा कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर पर किए गए ट्वीट को लेकर माफी मांगी और कहा कि यह एक मिसअंडरस्टैंडिंग थी। कंगना ने कहा, "मेरी माता जी (महिंदर कौर) को जो ठेस पहुंची, उसका मुझे अफसोस है। मेरी मंशा किसी का अपमान करने की नहीं थी। उस वक्त कई आंदोलन चल रहे थे और एक मीम को रीट्वीट किया गया था, किसी व्यक्ति विशेष को निशाना नहीं बनाया गया था।" उन्होंने बताया कि उन्होंने कोर्ट में पेश होकर माफी मांगी है और महिंदर कौर के पति से भी बात की है, जिन्होंने कहा कि इस पर परिवार और सहयोगियों से राय लेने के बाद निर्णय लिया जाएगा। कोर्ट ने कंगना की ओर से दाखिल बेल बांड स्वीकार कर लिया है, जो उनके पिता ने जमा कराए। अब अगली सुनवाई 24 नवंबर 2025 को होगी। कंगना ने पेशी से छूट की अर्जी भी दाखिल की है ताकि अगली सुनवाइयों में वह वकील या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हो सकें। वहीं, शिकायतकर्ता पक्ष ने इसका विरोध किया। यह मामला 2021 का है, जब कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान ट्वीट में एक बुजुर्ग महिला किसान को "100 रुपए लेकर धरने में शामिल होने वाली" बताया था। इसके बाद महिंदर कौर ने 4 जनवरी 2021 को उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने कंगना की पेशी के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी।



## शादी का झांसा देकर बुलाया, नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया

**समर न्यूज |जालंधर**

शहर के थाना रामामंडी क्षेत्र में जालंधर-फगवाड़ा हाईवे पर स्थित मेरिटन होटल में नूरमहल की 24 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी अमनदीप सिंह लाली निवासी जालंधर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एडीसीपी आर्कषि जैन ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़िता और आरोपी पिछले छह महीनों से एक-दूसरे को जानते थे। आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर 25 अक्तूबर की रात मिलने के लिए बुलाया। रात करीब 12 बजे युवती होटल पहुंची, जहां आरोपी ने उसे 5वीं मंजिल के कमरा नंबर 501 में ले जाकर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक, जब उसे सुबह होश आया तो उसके शरीर पर चोट और खरोंच के निशान थे। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। आरोपी के साथ उसके दो दोस्त भी होटल में मौजूद थे, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी भूमिका की जांच कर रही है। एडीसीपी ने बताया कि होटल कर्मियों से पूछताछ की जा रही है और कॉल डिटेल खंगाली जा रही है।

## पंजाब सरकार केंद्रीय जेलों में खोलेगी आम आदमी क्लीनिक

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

राज्यभर में आम आदमी क्लीनिकों की उल्लेखनीय सफलता के बाद, मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अब केंद्रीय जेलों में आम आदमी क्लीनिक खोलने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रही है, ताकि कैदियों को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सहित व्यापक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस नई पहल के बारे में जानकारी देते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि शारीरिक बीमारियों के उपचार के साथ-साथ कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है। जेलों को "सुधार गृह" बताते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि सच्चे न्याय का अर्थ व्यक्तियों में सुधार लाना है। उन्होंने कहा, "जब कोई कैदी जेल से बाहर निकलता है, तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। यह समग्र सुधार मुख्यमंत्री भगवंत मान के 'रंगला पंजाब' के सपने को साकार करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

▪ सीजेआई गवई ने नाम भेजा, कार्यकाल रहेगा 14 माह का

# जस्टिस सूर्यकांत होंगे देश के अगले सीजेआई

**समर न्यूज | नई दिल्ली**



भारत के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत देश के अगले और 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने जा रहे हैं। मौजूदा मुख्य न्यायाधीश भूषण रमण गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को उनके नाम की सिफारिश भेज दी है। इसके साथ ही सीजेआई नियुक्ति की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा के अनुसार, मौजूदा चीफ जस्टिस अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तब करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय की ओर से ऐसा करने का अनुरोध प्राप्त होता है। गवई का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 को समाप्त होगा, जिसके बाद 24 नवंबर को जस्टिस सूर्यकांत शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 तक इस पद पर रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं।

### हरियाणा से पहले मुख्य न्यायाधीश...

*जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा से आने वाले पहले व्यक्ति होंगे जो देश की सर्वोच्च न्यायपालिका का नेतृत्व करेंगे। सीजेआई गवई ने सिफारिश पत्र में लिखा है कि "जस्टिस सूर्यकांत सर्वोच्च न्यायालय की बागडोर संभालने के लिए पूर्ण रूप से योग्य और सक्षम हैं।"*

▪ **गांव से सुप्रीम कोर्ट तक का सफर...** *जस्टिस सूर्यकांत का जन्म हरियाणा के हिसार जिले के छोटे से गांव पेटवाड़ में हुआ। वे एक सामान्य परिवार से हैं। उनके पिता स्कूल शिक्षक थे। आठवीं तक उन्होंने गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की, जहाँ बैठने के लिए बेंच तक नहीं थीं। खाली समय में वे खेतों में काम कर परिवार की मदद करते थे। पहली बार उन्होंने शहर तब देखा जब वे दसवीं की परीक्षा देने हिसार के हांसी कस्बे पहुँचे थे।*

▪ **न्यायिक कार्य और उल्लेखनीय फैसले...** *अपने न्यायिक करियर में जस्टिस सूर्यकांत संवैधानिक, मानवाधिकार और प्रशासनिक कानून से जुड़े 1000 से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं। वे कई संवैधानिक पीठों का हिस्सा भी रहे। उनके प्रमुख निर्णयों में अनुच्छेद 370 को रद्द करने के 2023 के फैसले को बरकरार रखना भी शामिल है। जस्टिस सूर्यकांत को उनकी गहरी कानूनी समझ, सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और न्याय के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। उनका कार्यकाल भले 14 महीनों का हो, लेकिन न्यायपालिका में उनकी उपस्थिति न्याय, संवेदना और पारदर्शिता की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है।*

## डोप टेस्ट सर्टिफिकेट को रिश्वत लेते सुरक्षा गार्ड पकड़ा

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने सोमवार को सिविल अस्पताल बाबा बकाला साहिब, जिला अमृतसर में तैनात एक सुरक्षा गार्ड जतिंदर सिंह को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज यहां इस बात का खुलासा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को रेशम सिंह की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को दी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उक्त आरोपी ने हथियार लाइसेंस के लिए नेगेटिव डोप टेस्ट सर्टिफिकेट जारी करवाने के बदले 15,000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की फ्लाइंग स्क्वाड टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 15,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।



# खाटू श्याम... हारे का सहारा और तीन बाणधारी भक्तों के विश्वास का प्रतीक

### भक्ति और आस्था का है संगम, दर्शन करने के बाद भक्तों की मन्नतें होती हैं पूरी

**समर न्यूज | चंडीगढ़**





खाटू श्याम जी जिन्हें हारे का सहारा और तीन बाणधारी के नाम से भी जाना जाता है, आज पूरे देश में करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र बने हुए हैं। देशभर में खाटू श्याम को समर्पित कई प्रसिद्ध मंदिर हैं, जिनमें राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर सबसे अधिक प्रसिद्ध है। यह मंदिर श्रद्धा, भक्ति और आस्था का ऐसा संगम है जहां दूर-दूर से भक्त अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। माना जाता है कि खाटू श्याम जी साधक की हर मुराद पूरी करते हैं और उनके जीवन से दुखों को दूर करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, खाटू श्याम जी महाभारत काल के वीर योद्धा बर्बरीक हैं, जो पांडव पुत्र भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र थे। महाभारत के युद्ध में उनका नाम बर्बरीक के रूप में लिया गया है, और कई मान्यताओं के अनुसार उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार भी माना जाता है।

महाभारत के युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक से पूछा कि वे युद्ध में किसका साथ देंगे। बर्बरीक ने उत्तर दिया कि वे हारने वाले पक्ष का साथ देंगे। यह जानकर श्रीकृष्ण ने युद्ध के संतुलन हेतु उनसे शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने बिना विलंब अपने शीश का दान कर दिया। श्रीकृष्ण उनकी इस त्याग भावना से प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान दिया कि कलयुग में तुम मेरे नाम से पूजे जाओगे और जो भी हारा हुआ व्यक्ति तुम्हारे पास आएगा, तुम उसका सहारा बनोगे। इसी वरदान के कारण बर्बरीक को आज खाटू श्याम और हारे का सहारा कहा जाता है।

### ▪ राजा को सपने में मंदिर निर्माण का मिला था आदेश

*मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद बर्बरीक का शीश धरती में समा गया था। वर्षों बाद खाटू गांव के राजा को सपने में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए जिन्होंने आदेश दिया कि एक स्थान पर भूमि में बर्बरीक का शीश दबा है, उसे निकालकर मंदिर स्थापित किया जाए। अगले दिन राजा ने बताए गए स्थान की खुदाई करवाई और वहां से सचमुच एक दिव्य शीश निकला। राजा ने उस शीश को खाटू गांव में स्थापित कर मंदिर का निर्माण करवाया। समय के साथ यह स्थान खाटू श्याम मंदिर के रूप में विख्यात हो गया, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।*

### निशान चढ़ाने की परंपरा और अंग्रेजों के दौर का चमत्कार

*श्याम भक्त मोहनलाल इंदौरिया बताते हैं कि अंग्रेजी शासनकाल में जब बाबा श्याम के दरबार में भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी तो अंग्रेजों ने मंदिर पर ताला लगा दिया था। लेकिन सूरजगढ़ के भक्त मंगलाराम, अपने गुरु गोर्धनदास के आदेश पर, बाबा श्याम का निशान लेकर खाटू पहुंचे। उन्होंने बाबा का नाम लेकर मोरपंख से ताले पर प्रहार किया तो ताला अपने आप खुल गया। यह देखकर अंग्रेज स्तब्ध रह गए और पीछे हट गए। इस चमत्कार के बाद से निशान चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई जो आज तक जारी है। मंदिर कमेटी ने सूरजगढ़ के निशान को बाबा के मुख्य शिखर पर चढ़ाने की परंपरा को स्थायी बना दिया। आज भी हर वर्ष सूरजगढ़ से निकलने वाला निशान खाटू पहुंचता है, और माना जाता है कि इस निशान में स्वयं बाबा श्याम की शक्ति विद्यमान रहती है। सूरजगढ़ निशान यात्रा की एक विशेष परंपरा यह है कि इस निशान के आगे-आगे महिलाएं सिर पर सिगड़ी रखकर 152 किलोमीटर की पैदल यात्रा करती हैं। महिलाएं नाचते-गाते, भजन गाते हुए बाबा श्याम के दरबार तक पहुंचती हैं। उनका विश्वास है कि जो भी बाबा श्याम से सच्चे मन से कुछ मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर महिलाएं अपनी सिगड़ी बाबा के दरबार में अर्पित करती हैं। पूरे भारत में यह एकमात्र ऐसी परंपरा है जो केवल सूरजगढ़ निशान यात्रा में देखने को मिलती है।*

*खाटू श्याम मंदिर की आरती का समय... खाटू श्याम मंदिर में प्रतिदिन पांच आरतियां होती हैं। मंगला आरती सुबह 5:30 बजे। श्रृंगार आरती सुबह 7:30 बजे। भोग आरती दोपहर 12:30 बजे। संध्या आरती शाम 7:15 बजे। शयन आरती रात 9:00 बजे। इन आरतियों के दौरान मंदिर प्रांगण में अद्भुत शांति और भक्ति का माहौल बन जाता है।*



# श्री सालासर बालाजी धामः बैलगाड़ी में सालासर लाए थे हनुमान जी की मूर्ति

### संत मोहनदास जी ने हनुमान जी की भक्ति में किया था जीवन समर्पित

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



राजस्थान के चूरू जिले में स्थित सिद्धपीठ की अद्भुत कथा जहां स्वयं हनुमान जी ने भक्त मोहनदास जी की मनोकामना पूर्ण की थी। राजस्थान की पवित्र भूमि पर स्थित श्री सालासर बालाजी धाम आज देशभर के भक्तों की आस्था का केंद्र बन चुका है। यह सिद्धपीठ न केवल अपने धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है बल्कि यहां की स्थापना कथा भक्त और भगवान के दिव्य संबंध का प्रतीक भी है। कहा जाता है कि विक्रम संवत 1811 (सन् 1755) में स्वयं हनुमान जी महाराज ने अपने परम भक्त संत शिरोमणि मोहनदास जी महाराज की भक्ति से प्रसन्न होकर मूर्तिरूप में प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिए।

### ▪ संत मोहनदास जी की भक्ति और विरक्ति का जीवन

*सालासर धाम की स्थापना की कथा संत मोहनदास जी महाराज से जुड़ी है। वे मूलत सीकर जिले के ग्राम रूल्याणी के पं. लच्छीराम जी के परिवार से थे। अपनी बहन कान्हीबाई के बुलावे पर वे सालासर आए और वहीं उन्होंने प्रभु भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया। बचपन से ही वे श्री हनुमान जी के अनन्य भक्त थे। उनकी जीवनकथा में कई अलौकिक घटनाएं हुईं। कहा जाता है कि एक बार खेत में काम करते हुए उनके हाथ से औजार बार-बार गिरने लगे। उन्होंने अनुभव किया कि कोई अदृश्य शक्ति उन्हें सांसारिक बंधनों से मुक्त होने का संकेत दे रही है। जब उनके विवाह की बात चली तो उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी कर दी कि वह लड़की अब इस संसार में नहीं है और यह सत्य भी सिद्ध हुआ। इस घटना के बाद सबने उन्हें वचनसिद्ध महात्मा के रूप में स्वीकार किया।*

▪ **हनुमान जी का प्रत्यक्ष आशीर्वाद...** *भक्ति में लीन मोहनदास जी को एक दिन हनुमान जी ने साधु के रूप में दर्शन दिए। भक्त के प्रेम से प्रसन्न होकर प्रभु ने कहा मैं तेरी भक्ति से प्रसन्न हूं वर मांगो। मोहनदास जी ने केवल यही कहा कि प्रभु यदि आप सदा मेरे साथ रहें तो यही सबसे बड़ा वरदान होगा। तब श्री हनुमान जी ने वचन दिया कि वे स्वयं सालासर में मूर्तिरूप में उनके पास निवास करेंगे। कुछ समय बाद आसोटा ग्राम में एक किसान को हल जोतते समय मिट्टी में दबी हनुमान जी की मूर्ति मिली, जिसमें श्रीराम-लक्ष्मण उनके कंधों पर विराजमान थे। उसी रात गांव के ठाकुर को स्वप्न में आदेश मिला कि मैं भक्त मोहनदास के लिए प्रकट हुआ हूं मुझे सालासर पहुंचाओ।*

▪ **मूर्ति की स्थापना और मंदिर निर्माण...** *हनुमान जी की मूर्ति को भजन-कीर्तन करते हुए बैलगाड़ी में सालासर लाया गया। जब बैल एक रेत के टीले पर रुके, वहीं विक्रम संवत 1811, श्रावण शुक्ला नवमी, शनिवार (सन् 1755) के दिन श्री सालासर बालाजी की मूर्ति की स्थापना की गई। बाद में विक्रम संवत 1815 (सन् 1759) में भक्त मोहनदास जी ने मुस्लिम कारीगरों नूर मोहम्मद और दाऊ से मंदिर का निर्माण करवाया। यह उदाहरण भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बन गया। मूर्ति की विशेषता यह है कि यह दाढ़ी और मूंछों वाले स्वरूप में है, क्योंकि इसी रूप में श्री हनुमान जी ने मोहनदास जी को दर्शन दिए थे। उसी समय से मंदिर में प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति आज तक निरंतर जल रही है।*

▪ **मोहनदास जी की समाधि और परंपरा...** *संत मोहनदास जी ने अपने आराध्य को साक्षात मूर्तिरूप में पाकर अपने शिष्य उदयराम जी को पूजा की सेवा सौंपी। तत्पश्चात वे विक्रम संवत 1850 (सन् 1794) वैशाख शुक्ला त्रयोदशी को जीवित समाधि लेकर ब्रह्म में लीन हो गए। आज भी उनके वंशज बालाजी मंदिर की सेवा कर रहे हैं।*

▪ **प्रमुख उत्सव और आस्था...** *सालासर धाम में दो प्रमुख पर्व अत्यंत हर्षोल्लास से मनाए जाते हैं। श्री बालाजी महाराज का प्राकट्य दिवस श्रावण शुक्ला नवमी, संत मोहनदास जी महाराज का श्राद्ध दिवस श्राद्ध पक्ष की त्रयोदशी, इसके अतिरिक्त हर वर्ष हनुमान जयंती और शरद पूर्णिमा पर विशाल मेले लगते हैं जिनमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं।*

▪ **सेवा, समर्पण और मनोती की परंपरा...** *धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 125 से अधिक धर्मशालाओं में निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की जाती है। श्री हनुमान सेवा समिति यात्रियों की सुविधा, मंदिर की देखरेख और विकास कार्यों की जिम्मेदारी निभाती है। यह धाम पूर्णत आडंबरविहीन देवस्थान है यहां भक्त और भगवान के बीच कोई मध्यस्थ नहीं। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना से मनोती का नारियल बांधते हैं जिन्हें अत्यंत पवित्र माना जाता है।*

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले पंजाबी फिल्म कलाकार

**» सरकार फिल्म निर्माताओं के लिए आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराएगी**

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



पंजाबी फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों ने रविवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंजाबी कलाकारों को हरियाणा में फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने और हरियाणा को एक उभरते हुए फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सैनी ने इस मुलाकात की तस्वीरें एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर साझा की। उन्होंने लिखा कि मुख्यमंत्री आवास पर पधारे पंजाबी फिल्म कलाकारों से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर पंजाबी और हरियाणवी संस्कृति की फिल्मों को प्रदेश में और प्रोत्साहन मिले इस विषय पर उपस्थित कलाकारों से सार्थक संवाद हुआ।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री और कलाकारों के बीच पंजाब और हरियाणा की साझा सांस्कृतिक विरासत, लोक कला और फिल्म उद्योग के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा में प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऐसा अनोखा संगम है जो फिल्म निर्माण के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कलाकारों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार फिल्म निर्माताओं के लिए आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराएगी ताकि वे हरियाणा को अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग लोकेशन के रूप में प्राथमिकता दें।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हरियाणवी और पंजाबी दोनों संस्कृतियां अपनी समृद्ध परंपराओं, लोकगीतों, नृत्यों और बोली की मिठास के लिए जानी जाती हैं। इन दोनों संस्कृतियों का संगम भारतीय एकता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पंजाबी और हरियाणवी कलाकारों का आपसी सहयोग न केवल मनोरंजन जगत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश भी देगा। सीएम सैनी ने कलाकारों से आग्रह किया कि वे हरियाणा की संस्कृति, ग्रामीण जीवन और ऐतिहासिक स्थलों को अपनी फिल्मों में स्थान दें ताकि प्रदेश की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हो सके।

# फरीदाबाद में अवैध शराब बिक्री रोकने पर ठेकेदार की हत्या, दो भाई फरार

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**



अवैध रूप से शराब बेचने से मना करने की रंजिश में दो भाइयों ने शराब ठेकेदार चरणजीत (36) की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह वारदात रविवार देर रात पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र के हरिनगर कच्चा कैंप कॉलोनी में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि आरोपियों की तलाश में टीमों को लगा दिया गया है। सिद्धार्थ नगर निवासी चरणजीत हरिनगर कच्चा कैंप कॉलोनी में शराब के ठेके में साझीदार थे। कॉलोनी में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे थे जिसका चरणजीत ने विरोध किया था। इसी बात को लेकर सैनी कॉलोनी निवासी मोंटी और उसके भाई सचिन के साथ उनका विवाद हो गया।

रविवार रात करीब 11 बजे दोनों भाई चरणजीत के पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद मोंटी और सचिन ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों ने चरणजीत की छाती पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही पुराना औद्योगिक थाना पुलिस, सीआईए टीम और डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स मौके पर पहुंचे। डीएसपी सतीश वत्स ने नागरिक अस्पताल पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली और कहा कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने शव को अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। डीएसपी वत्स ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोंटी और सचिन अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। चरणजीत ने उन्हें ऐसा करने से रोका था, जिससे नाराज होकर दोनों ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों भाइयों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है और इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# राज्यपाल ने दिवंगत एएसआई संदीप लाठर के परिजनों से की मुलाकात

**» बच्चों की शिक्षा के लिए ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की**

**समर न्यूज़ | जुलाना**



राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष रविवार को जुलाना पहुंचे और वॉर्ड नंबर चार निवासी दिवंगत एएसआई संदीप लाठर के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

राज्यपाल ने परिजनों को निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच का भरोसा दिलाते हुए संदीप के बच्चों की शिक्षा के लिए ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। करीब 40 मिनट तक परिजनों से बातचीत के दौरान राज्यपाल ने कहा कि एक ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और कर्मठ अधिकारी का इस तरह निधन होना पूरे राज्य के लिए क्षति है। उन्होंने कहा कि संदीप लाठर जैसे अधिकारी राज्य की सेवा भावना के प्रतीक होते हैं।

राज्यपाल के आगमन से पहले पुलिस प्रशासन ने कस्बे में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। जुलाना के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। राज्यपाल के साथ उनकी धर्मपत्नी मित्रा घोष, एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, योगेश बैरागी और आनंद लाठर भी मौजूद रहे। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि राज्यपाल ने परिवार से संवेदना व्यक्त करते हुए पारदर्शी जांच का भरोसा दिया है ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

इस मौके पर सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा भी दिवंगत एएसआई के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत दुखद घटना है और सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी तरह खड़ी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# लकड़ी मंडी में कुत्ते के मुंह से मिला भ्रूण, पुलिस जांच में जुटी

**समर न्यूज़ | यमुनानगर**



शहर के पुराना हमीदा स्थित पुरानी लकड़ी मंडी क्षेत्र में रविवार दोपहर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। सोढी प्लाई फैक्टरी के पास एक कुत्ता मुंह में बच्चे का भ्रूण लेकर घूम रहा था। यह दृश्य देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। एक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए कुत्ते से भ्रूण छुड़ाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 टीम, हमीदा चौकी पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि यह लगभग पांच माह का भ्रूण था, जो एक लड़के का था। पुलिस के अनुसार भ्रूण के एक पैर और टांग नहीं थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि या तो ये अंग पूरी तरह विकसित नहीं हुए थे या फिर कुत्ते ने नोच खाए।

प्रत्यक्षदर्शी पंकज ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे जब वह पुरानी लकड़ी मंडी की गली से गुजर रहा था, तो उसने एक कुत्ते को मुंह में बच्चे जैसा कुछ लेकर घूमते देखा। जब उसने कुत्ते को भगाया तो कुत्ता भ्रूण वहीं छोड़कर भाग गया। भ्रूण पर मिट्टी और गंदगी लगी हुई थी, जिससे अंदेशा है कि किसी ने उसे नाले या कूड़े में फेंका होगा। पुराना हमीदा चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम को सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। भ्रूण को जिला नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि यह पता चल सके कि भ्रूण कहां से आया। साथ ही आसपास के अस्पतालों और क्लीनिकों में हाल ही में हुए डिलीवरी मामलों का रिकॉर्ड भी जांचा जा रहा है। पुलिस ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# अमेरिका से डिपोर्ट हुए पचास हरियाणवी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे हरियाणा के 50 युवकों को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान ही उन्होंने युवाओं से अपील की थी कि विदेश जाने के लिए डंकी रूट गैरकानूनी रास्ते का सहारा न लें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के लिए वैध प्लेसमेंट और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है ताकि वे सुरक्षित और कानूनी तरीके से विदेश जा सकें। मंत्री खट्टर ने कहा कि हर देश अपने कानूनों के अनुसार कार्रवाई करता है जैसे भारत ने भी अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को डिपोर्ट किया था वैसे ही अमेरिका ने अपने नियमों के तहत यह कदम उठाया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम अमेरिका से विशेष विमान के जरिए 50 हरियाणवी युवक दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। इनमें करनाल के 16, कैथल के 14, कुरुक्षेत्र और अंबाला के पांच-पांच, यमुनानगर के चार, जींद के तीन और रोहतक व पानीपत के एक-एक युवक शामिल हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें उनके-उनके जिलों की टीमों को सौंप दिया।

जनवरी से जुलाई 2025 के बीच अमेरिका से 604 हरियाणवी युवाओं को डिपोर्ट किया जा चुका है। अब तीन नवंबर को एक और जत्था भारत लौटने की संभावना जताई जा रही है। इस जत्थे में शामिल युवकों के दस्तावेजों की पुलिस जांच कर रही है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। वीजा नियमों को सख्त किए जाने से गैरकानूनी रूप से पहुंचे लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# हिसार में सीएम सैनी की 462 करोड़ की बड़ी सौगात

**» सीएम सैनी ने कहा प्रदेश में 140 करोड़ रुपये की सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो इरिगेशन योजनाएं शुरू की जाएंगी**

**समर न्यूज़ | हिसार**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार दौरे के दौरान विकास और सामाजिक समानता पर जोर देते हुए प्रदेशवासियों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने नलवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद रैली और गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) में संत नामदेव महाराज की जयंती समारोह में भाग लेते हुए कुल 462 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नलवा क्षेत्र में सिंचाई और जल निकासी की पुरानी समस्या को दूर करने के लिए भिवानी ड्रेन और रतेरा-तलवंडी चैनल परियोजनाओं पर 322 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा 140 करोड़ रुपये की सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो इरिगेशन योजनाएं शुरू की जाएंगी, जो किसानों को आधुनिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ कृषि को आत्मनिर्भर और पर्यावरण के अनुकूल बनाएंगी। सैनी ने सड़क, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा ढांचे के विस्तार और जल निकासी से जुड़ी 100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं को भी मंजूरी दी। साथ ही उन्होंने नलवा हलके में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के सम्मान में एक करोड़ रुपये की लागत से प्रवेश द्वार निर्माण की घोषणा भी की।

**संत नामदेव महाराज की जयंती पर बोले मुख्यमंत्री** : जीजेयू परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संत नामदेव महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि संत नामदेव का जीवन प्रेम, भक्ति और समानता की मिसाल है। उन्होंने समाज में जाति और भेदभाव के खिलाफ संत नामदेव द्वारा दिए गए संदेशों को आज भी प्रासंगिक बताया। मुख्यमंत्री सैनी ने घोषणा की कि प्रदेश के किसी एक सरकारी संस्थान का नाम संत नामदेव महाराज के नाम पर रखा जाएगा। साथ ही समाज की धर्मशालाओं के रख-रखाव और उनमें सोलर पैनल लगाने के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

**कांग्रेस पर साधा निशाना** : कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में विकास का अर्थ केवल सड़कों और भवनों तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकार का प्रयास समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान अवसर पहुंचाना है।

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर पहुंचे करनाल के 16 युवकों की जांच शुरू

**समर न्यूज़ | हरियाणा**



हरियाणा के करनाल जिले से अवैध तरीके से विदेश जाने का एक और मामला सामने आया है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए जिले के 16 युवकों को पुलिस सुरक्षा में करनाल लाया गया, जहां उन्हें आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

सूत्रों के मुताबिक, ये सभी युवक लाखों रुपये खर्च करके गैर-कानूनी तरीके से अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन अमेरिकी एजेंसियों ने उनकी एंट्री को अवैध मानते हुए उन्हें वापस भारत भेज दिया। सभी deported युवकों को लेकर विमान बीती रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से कड़ी निगरानी में सीएम फ्लाइंग की टीम उन्हें करनाल लाई।

**इस बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर संदीप ने बताया** : "सभी युवक सुरक्षित हैं। उन्हें दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उनके परिवारों के हवाले कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये युवक संभवतः अवैध तरीके से अमेरिका भेजे गए थे। इस मामले की विस्तृत जांच जारी है।"

फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इन युवकों को विदेश भेजने में किन एजेंटों की भूमिका थी और क्या मानव तस्करी का मामला बनता है।

# पानीपत में सिलेंडर लीकेज से धमाका, 4 झुलसे, पिता-पुत्र की हालत गंभीर



**समर न्यूज़ | पानीपत**

जिले के गांव कबाड़ी में रविवार देर रात गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण धमाका हो गया। हादसे में एक ही परिवार के पिता और तीन बेटे गंभीर रूप से झुलस गए।

घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पिता और एक बेटे की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुराना औद्योगिक क्षेत्र स्थित गांव कबाड़ी निवासी प्रेम अपने तीन बेटों आशु, मनीष और प्रिंस के साथ रहते हैं। रविवार रात परिवार ने खाना खाने के बाद सोने चला गया। रात में सिलेंडर से गैस रिसाव होता रहा और सुबह जब आशु ड्यूटी पर जाने के लिए उठा तो उसने बिजली के तार जोड़े जिससे स्पार्किंग हुई और घर में धमाके के साथ आग भड़क उठी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया।

लेकिन तब तक चारों लोग झुलस चुके थे और मकान की कच्ची छत गिर गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

# बॉलीवुड अभिनेत्री-सांसद कंगना रनौत जींद पहुंची

**समर न्यूज़ | जींद**



बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत सोमवार सुबह अचानक जींद पहुंच गईं। वह यहां पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में करीब आधे घंटे तक रुकीं। उनके आने की जानकारी न तो स्थानीय भाजपा नेताओं को थी और न ही किसी विधायक को। सांसद के अचानक पहुंचने से रेस्ट हाउस के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कंगना रनौत दिल्ली से फतेहाबाद होते हुए बठिंडा जाने के लिए निकली थीं। सोमवार को उनकी मानहानि मामले में बठिंडा की जिला अदालत में पेशी निर्धारित थी।

कंगना का काफिला गलत रास्ते पर पहुंच गया। उनका सीधा रास्ता रोहतक-महम होकर बठिंडा तक बनता है, लेकिन सांसद का काफिला गलती से दिल्ली–कटरा हाईवे पर चढ़ गया। इसके बाद वह सोनीपत के रास्ते जींद पहुंच गईं।

यहां रेस्ट हाउस में कुछ देर विश्राम करने के बाद वह बरवाला होते हुए फतेहाबाद की ओर रवाना हो गईं। सांसद बनने के बाद कंगना रनौत पहली बार जींद पहुंचीं। किसान आंदोलन के समय कंगना रनौत का जींद दौरा तय हुआ था, लेकिन विरोध की आशंका के चलते वह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया था।

सोमवार को जब वह जींद पहुंचीं तो रेस्ट हाउस कर्मचारियों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई।

# हथियार सप्लाई केस में घिरे सुशील, झज्जर पुलिस करेगी पेशी

**समर न्यूज़ | झज्जर**



सागर धनखड़ हत्याकांड में मुख्य आरोपी और अंतरराष्ट्रीय पहलवान सुशील कुमार की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। झज्जर पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने से जुड़े मामले में सुशील कुमार को अगले सप्ताह प्रोडक्शन वारंट पर अदालत में पेश कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने की है। इस मामले की कड़ी तब जुड़ी जब पुलिस ने सितंबर माह में छुछकवास निवासी विशाल उर्फ चोटीवाला बिरोहड़ को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके पास से इटली निर्मित पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान विशाल ने बड़ा खुलासा किया था कि उसने यह हथियार सुशील कुमार के कहने पर उपलब्ध कराए थे। आरोपी ने बताया कि उसका सुशील कुमार से परिचय 2014 में छत्रसाल स्टेडियम में हुआ था। वह अंडर-19 नेशनल स्तर पर खेल चुका है और सहरावत गोत्र से संबंध रखता है, जबकि सुशील की पत्नी भी इसी गोत्र से हैं। इसी वजह से उसका अक्सर बापरौला गांव में सुशील के घर आना-जाना रहता था। पूछताछ में विशाल ने यह भी बताया कि मई माह में रोहिणी कोर्ट पेशी के दौरान सुशील ने इशारा करते हुए उससे एक गाड़ी से पिस्टल और 20 कारतूस लाने को कहा था। हथियार सौंपने के बाद उसने गांव में लौटकर करीब एक दर्जन गोलियां हवाबाजी में चला दी थीं। गौरतलब है कि सुशील कुमार सागर हत्याकांड में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें 4 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत मिली थी, लेकिन 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत रद्द करते हुए उन्हें फिर जेल भेजने के आदेश दिए थे।

# नाइट फूड स्ट्रीट में दो गुटों में झगड़ा, रॉड और चाकू से हमला, तीन घायल





**समर न्यूज़ | पंचकूला**

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज, मामले की जांच में जुटी सेक्टर-5 स्थित नाइट फूड स्ट्रीट पर रविवार रात युवकों के दो गुटों के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक गुट ने दूसरे पर लोहे की रॉड, चाकू और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

सेक्टर-10 निवासी मंजीत ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने दोस्तों पंकज और गुरशीश के साथ नाइट फूड स्ट्रीट पर मौजूद था। इस दौरान बलटाना (पंजाब) निवासी योगेश गोयल वहां आया और मंजीत को अलग ले जाने के लिए कहा। जब मंजीत ने इंकार किया तो योगेश के साथ आए मनीमाजरा निवासी हीरा सिंह ने उसके सिर पर टाइल से हमला कर दिया। बचाव करने पहुंचे दोस्तों पर भी योगेश और उसके साथियों ने रॉड और चाकू से हमला कर दिया। सेक्टर-5 थाने के जांच अधिकारी एसआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार करेगी।

# सीटू का राज्य सम्मेलन सोलन में शुरू मजदूर-किसान-महिला-युवा एकता पर दिया जोर

**समर न्यूज़ । सोलन**

हिमाचल प्रदेश सीटू का 15वां राज्य सम्मेलन सोलन के बजरोल स्थित मोनाल बैंक्विट हॉल में आरंभ हुआ। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 28 अक्तूबर तक चलेगा। सम्मेलन का उद्घाटन अखिल भारतीय सीटू के महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कॉमरेड तपन सेन ने किया। इस अवसर पर एटक के प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड जगदीश भारद्वाज ने शुभकामनाएं दीं।

सम्मेलन में हिमाचल किसान सभा, जनवादी महिला समिति, एसएफआई, डीवाईएफआई और पेंशनर्स एसोसिएशन जैसे भाई संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस मौके पर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड कुलदीप तंवर, एसएफआई के राज्य सचिव कॉमरेड सनी, डीवाईएफआई के राज्य सचिव कॉमरेड सुरेश सरवाल, तथा जनवादी महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड फालमा चौहान ने मजदूर–किसान–महिला–युवा एकता




को मज़बूत करने और संयुक्त संघर्ष की आवश्यकता पर बल दिया।उद्घाटन भाषण में कॉमरेड तपन सेन ने कहा कि देश की नीतियाँ आज पूरी तरह पूंजीपतियों के हित में काम कर रही हैं। श्रम संहिताओं के माध्यम से मजदूरों के अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और ठेका प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने मिड डे मील, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दुर्दशा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वर्ग न्यूनतम वेतन से भी वंचित है। कॉमरेड सेन ने कहा कि आने वाले समय में देशभर में मजदूर वर्ग एक व्यापक आंदोलन की तैयारी कर रहा है।

मजदूर, किसान, महिला और युवा आंदोलनों का संयुक्त संघर्ष केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और मज़बूत होगा।सम्मेलन को सीटू प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड विजेंद्र मेहरा, महासचिव कॉमरेड प्रेम गौतम, राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड कश्मीर सिंह ठाकुर तथा राष्ट्रीय नेतृत्व से कॉमरेड के.एन. उमेश ने भी संबोधित किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रदेशभर से लगभग 300 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में संगठन, आंदोलन और श्रमिक वर्ग की मौजूदा चुनौतियों पर चर्चा के साथ अगले तीन वर्षों की संघर्ष रूपरेखा तय की जा रही है।

वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड मजदूर विरोधी हैं, जिनसे 70% उद्योग और 74% मजदूर श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे।

हड़ताल पर कठोर सजाएँ और जुर्माने लगाए जाएंगे तथा काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 किए जा रहे हैं, जिससे बंधुआ मजदूरी को बढ़ावा मिलेगा। मजदूरों की मुख्य मांगे मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये तय किया जाए, आंगनबाड़ी, आशा और मिड डे मील कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित कर ग्रेच्युटी लागू की जाए, ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल की जाए, मनरेगा मजदूरों को 600 रुपये प्रतिदिन का वेतन और 200 दिन का कार्य दिया जाए, ठेका व आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जाए और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोका जाए।

# 734 दिनों से जारी दृष्टिहीनों का आंदोलन और हुआ मुखर

**» अगर मांगें नहीं मानीं गईं तो नग्न होकर करेंगे प्रदर्शन**

**संजू चौधरी। शिमला**
**समर न्यूज़**

दृष्टिहीन जन संगठन का आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। शिमला के कालीबाड़ी में पिछले 734 दिनों से धरने पर बैठे दृष्टिहीन संगठन के सदस्यों ने सोमवार को सचिवालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे नग्न होकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

राजेश ठाकुर, सचिव दृष्टिबाधित संघ ने कहा कि संगठन विभिन्न विभागों में दृष्टिहीन कोटे के खाली पड़े बैकलॉग पदों को एकमुश्त भरने की मांग कर रहा है। सरकार से कई बार वार्ता होने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।राजेश ठाकुर के अनुसार, "जब भी हम चक्का जाम करते हैं, सरकार वार्ता के लिए बुलाती है, लेकिन बाद में सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

लक्की, सदस्य दृष्टिबाधित संघ ने कहा कि सरकार की बेरुखी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि अब भी





हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हम आमरण अनशन पर जाएंगे, और अंततः सभी दृष्टिहीन सचिवालय के सामने नग्न होकर प्रदर्शन करेंगे।गौरतलब है कि संगठन वर्ष 1995 के बाद से दृष्टिबाधितों के कोटे के पदों की नियमित भर्ती न होने पर नाराज है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद सरकार ने अब तक बैकलॉग पदों को नहीं भरा है।

# शिक्षक सम्मान पर चोट नामंजूर, कारण बताओ नोटिस पर डॉ. मामराज पुंडीर ने जताया विरोध

**समर न्यूज़ । शिमला**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व प्रान्त महामंत्री डॉ. मामराज पुंडीर ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल शिक्षकों की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और मनोबल पर भी आघात करता है।

डॉ. पुंडीर ने कहा कि टीजीटी से प्रवक्ता पद पर नियमों के तहत पदोन्नत शिक्षकों को नोटिस जारी करना प्रशासनिक असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

वर्षों की ईमानदार सेवा और योग्यता के आधार पर मिली पदोन्नति को अब सवालों के घेरे में लाना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई शिक्षकों को मानसिक रूप से



प्रताड़ित करने का प्रयास है, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

डॉ. पुंडीर ने मांग की कि शिक्षा विभाग इस नोटिस को तत्काल वापस ले और शिक्षकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों से कोई समझौता किया गया, तो अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रदेशव्यापी आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा।

# लवी मेले में अन्य राज्यों के अश्वपालक जानेंगे 'चामुर्थी' घोड़े की खूबियां

**समर न्यूज़ । शिमला**

आगामी अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर-2025 में इस बार अश्व प्रदर्शनी का खास आकर्षण होगा चामुर्थी नस्ल का हिमालयी घोड़ा, जो अपनी ताकत, सहनशीलता और ठंडे इलाकों में काम करने की क्षमता के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि चामुर्थी घोड़े की पहचान और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए इस बार पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अश्वपालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। पशुपालन विभाग ने इन राज्यों के संबंधित विभागों को आधिकारिक निमंत्रण पत्र भेज दिए हैं।उन्होंने कहा कि "लवी मेला सैकड़ों वर्ष पुराना ऐतिहासिक मेला है और चामुर्थी घोड़े की बिक्री इसका प्रमुख आकर्षण रहा है। इस नस्ल के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य राज्यों के अश्वपालकों को आमंत्रित किया गया है ताकि वे इसकी विशेषताओं को नज़दीक से देख सकें



और इच्छानुसार खरीद भी सकें।

चीन सीमा से सटे लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे बर्फीले क्षेत्रों में चामुर्थी घोड़ा सदियों से स्थानीय जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा रहा है। इसे 'शीत मरुस्थल का जहाज' भी कहा जाता है। यह नस्ल -30 डिग्री तापमान में भी काम करने में सक्षम है और लंबे समय तक बिना भोजन के भी सक्रिय रह सकती है। चामुर्थी घोड़े भारतीय घोड़ा नस्लों में शामिल छह प्रमुख नस्लों में से एक है।बैठक में सहायक आयुक्त देवी चंद ठाकुर, उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. नीरज मोहन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अश्व प्रदर्शनी 1 नवंबर को अश्वों का पंजीकरण, 2 नवंबर को अश्वपालकों की गोष्ठी, 3 नवंबर को उत्तम अश्व चयन, गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता और 400 व 800 मीटर की घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। पशुपालन विभाग की ओर से प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी अश्वों के लिए निःशुल्क चारा व दाना भी उपलब्ध कराया जाएगा।

**लारी में चामुर्थी प्रजनन केंद्र बन रहा संरक्षक** : चामुर्थी घोड़े की लुप्तप्राय होती नस्ल को संरक्षित रखने के लिए सन् 2002 में स्पीति घाटी के लारी में घोड़ा प्रजनन केंद्र स्थापित किया गया। यह केंद्र 82 बीघा 12 बिस्वा भूमि पर फैला है और इसे तीन इकाइयों में विभाजित किया गया है, जिनमें प्रत्येक इकाई में 20 घोड़े रखने की क्षमता है। वर्षों की मेहनत से इस नस्ल की संख्या में अब निरंतर वृद्धि हो रही है।

**तिब्बती जड़ें और सदियों पुराना इतिहास** : विशेषज्ञों के अनुसार, चामुर्थी नस्ल की उत्पत्ति तिब्बत के छुर्मूत क्षेत्र में हुई, जिससे इसका नाम 'चामुर्थी' पड़ा। यह घोड़ा पिन घाटी और किन्नौर की भावा वैली में पाया जाता है और दुनिया की मान्यता प्राप्त प्रमुख नस्लों में से एक है। पिन घाटी में हर साल अप्रैल-मई माह में सर्वश्रेष्ठ घोड़े का चयन किया जाता है। स्थानीय परंपरा के अनुसार शेष घोड़ों की नसबंदी कर दी जाती है, क्योंकि माना जाता है कि ऐसा न करने से देवता नाराज होते हैं। हालांकि पशु विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रथा नस्ल विस्तार की दृष्टि से नुकसानदायक है।

# 68 बार सौंपे मांगपत्र, फिर भी कैबिनेट तक नहीं पहुंचा मुद्दा

**धर्मवीर । मंडी**
**समर न्यूज़**

जल शक्ति विभाग के पैरा वर्कर सुक्खू सरकार की अनदेखी से बेहद नाराज़ हैं। वर्करों का कहना है कि वे पिछले आठ वर्षों से लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार अब तक उनके मानदेय बढ़ाने की मांग पर कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी है।

कर्मचारी संघर्ष मोर्चा यूनियन (एमटीएस) के प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पैरा वर्कर अपनी मांगों को लेकर अब तक 68 बार सरकार को मांगपत्र सौंप चुके हैं, मगर उनका मुद्दा आज तक कैबिनेट के एजेंडे तक नहीं पहुंच पाया।

विवेक कुमार ने कहा कि पैरा वर्करों को मात्र 3,600 से 4,400 तक मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में गुजारे लायक भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने चुनावों के समय जो वादे



किए थे, उन्हें अब भुला दिया गया है।उन्होंने कहा कि पैरा वर्कर कोविड काल से लेकर 2023 और 2025 की आपदाओं तक लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे, लेकिन उन्हें आज भी अस्थायी कर्मियों की तरह ट्रीट किया जा रहा है।यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण सहित अन्य मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो प्रदेश भर के पैरा वर्कर शिमला में जोरदार धरना प्रदर्शन करेंगे।

# शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल में महकी रसायन मुक्त उत्पादों की खुशबू

**समर न्यूज | शिमला**

राजधानी के समीप जुन्गा में चल रहे चार दिवसीय शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो–2025 में इस बार रसायन-मुक्त उत्पादों की सुगंध हर ओर फैली हुई है। 25 से 28 अक्तूबर तक आयोजित इस फेस्टिवल में जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।

सोमवार को इन उत्पादों की खरीददारी के लिए बड़ी संख्या में लोग जाइका परियोजना के स्टॉल पर पहुंचे। खरीददारों ने चुल्ली का तेल, अखरोट, मिलेट्स, किन्नौरी टोपी, हाफ जैकेट्स, पाइन नीडल उत्पाद और अन्य पारंपरिक वस्तुओं को जमकर खरीदा तथा इनकी गुणवत्ता की सराहना की।इस अवसर पर जाइका वानिकी परियोजना के परियोजना निदेशक




श्रेष्ठा नंद शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में प्राकृतिक उत्पादों की ओर लौटना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, "मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देकर हम न केवल अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका में सुधार भी संभव है।

रसायनों के प्रयोग से भले उत्पादन बढ़ता हो, परंतु इसके दुष्परिणाम भी गंभीर हैं।शर्मा ने आगे कहा कि जाइका वानिकी परियोजना वर्ष 2018 से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका सुधारने और आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**चुल्ली तेल और हैंडलूम उत्पादों की मांग सबसे अधिक** : फेस्टिवल में चुल्ली का तेल और हैंडलूम उत्पादों की सबसे अधिक बिक्री देखी जा रही है। इनके साथ ही अखरोट, कोदे का आटा, पाइन नीडल उत्पाद, किन्नौरी राजमाह, किन्नौरी टोपी, हाफ जैकेट्स, ओगला और चुल्ली के पारंपरिक उत्पाद भी लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी पारंपरिक उत्पादों को उपभोक्ताओं का भरपूर स्नेह मिल रहा है।

# 11 वर्ष बाद राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक

**» अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू**

**समर न्यूज़ । शिमला**

11 वर्ष के अंतराल के बाद आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1995 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई और समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह अधिनियम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदृष्टि और सामाजिक न्याय की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू है, जिससे समाज में समानता और सामाजिक समरसता को बल मिला है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक तंत्र को और



मजबूत करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर राज्य सरकार अनुसूचित जातियों के कल्याण और समान अवसरों की सुनिश्चितता के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में छुआछूत और जातिगत भेदभाव की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। ऐसे मामलों में सरकार द्वारा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।मुख्यमंत्री सुक्खू ने जानकारी दी कि पिछले तीन वर्षों में 1,200 पीड़ितों को पुनर्वास राहत के रूप में लगभग 7.35 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं, जबकि 45,238 पीड़ितों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई है।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश की 25.19 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जातियों से संबंधित है और राज्य सरकार उनके उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण तथा विभिन्न सामाजिक योजनाओं के माध्यम से समाज में भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा दिया जा रहा है।डॉ. शांडिल ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15, 16 और 17 के तहत छुआछूत और जातिगत भेदभाव को दंडनीय अपराध घोषित कर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिनियम के उल्लंघन पर अत्याचार की गंभीरता के अनुसार कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

बैठक में युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा, 7वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल, विधायक हंस राज, विनोद कुमार, सुरेश कुमार, मलेंद्र राजन, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, डीजीपी अशोक तिवारी, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्याम भगत नेगी, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सुमित किमटा सहित समिति के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिरमौर में बिन पंडित-फेरे-मंत्र, संविधान को साक्षी मानकर रचाया गया अनूठा विवाह

**समर न्यूज़ । सिरमौर**

हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती जिला सिरमौर में रविवार को हुई एक अनूठी शादी इन दिनों पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। शिलाई विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम नैनीधार के कलोग गांव के दो सगे भाइयों सुनील कुमार बौद्ध और विनोद कुमार आजाद ने संविधान को साक्षी मानकर विवाह रचाया।

इस विवाह की सबसे खास बात यह रही कि इसमें न तो कोई पंडित बुलाया गया, न फेरे लिए गए और न ही पारंपरिक मंत्रोच्चारण हुआ। दूल्हों ने संविधान की शपथ लेकर शादी की रस्म पूरी की। दोनों भाइयों ने इस पहल से समाज में समानता, निष्ठा और वैचारिक स्वतंत्रता का संदेश देने का प्रयास किया है।





दोनों भाई सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि विवाह दो दिलों और दो व्यक्तियों के मिलन का प्रतीक है, जिसके लिए पारंपरिक कर्मकांड आवश्यक नहीं हैं। शादी में केवल सामाजिक और सांस्कृतिक रस्में जैसे मामा स्वागत, वरमाला और बारात शामिल की गईं।

सुनील कुमार बौद्ध ने शिलाई के कटाड़ी गांव की रितु से विवाह किया, जबकि विनोद कुमार आजाद ने शिलाई के नाया गांव की रीना वर्मा से सात जन्मों का बंधन जोड़ा। दोनों दुल्हनों और उनके परिवारों ने इस सामाजिक परिवर्तन के प्रतीक विवाह का पूरा समर्थन किया।

विवाह समारोह में आए लोगों के लिए शादी का निमंत्रण पत्र भी चर्चा का विषय रहा। इसमें किसी देवी-देवता का चित्र न देकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा बुद्ध और संत कबीर के चित्र प्रकाशित किए गए।

बरात के घर पहुंचने पर दोनों दूल्हों और दुल्हनों ने एक बार फिर संविधान की शपथ ली। गांव के लोग इस ऐतिहासिक विवाह के साक्षी बने और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस विवाह ने साबित किया कि परंपरा से परे जाकर भी प्रेम, समानता और सम्मान के मूल्यों पर आधारित नई सोच समाज में नई राह दिखा सकती है।

# हिमफेड अध्यक्ष महेश्वर चौहान बोले किसान-बागवानों के लिए नए कार्यक्रमों की होगी शुरुआत

**राकेश । ऊना**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता महासंघ (हिमफेड) के अध्यक्ष महेश्वर चौहान का ऊना आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ऊना के केएमसी पार्क में हुआ, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए महेश्वर चौहान ने हिमफेड अध्यक्ष बनाए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "सरकार ने



मुझे किसानों और बागवानों के लिए काम करने का अवसर दिया है, और हमने इस दिशा में कार्य आरंभ भी कर दिया है।"महेश्वर चौहान ने कहा कि हिमफेड को नए स्वरूप में उतारा जाएगा ताकि किसान और बागवान संगठन से अधिक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि "हमारा प्रयास रहेगा कि हिमाचल प्रदेश में हिमफेड से जुड़े किसानों और बागवानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने यह भी कहा कि किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिससे हिमफेड की कार्यप्रणाली और मजबूत होगी।

# वॉर्ड-39...10 सालों में मैंने दस करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य करवाए हैंः पार्षद करमजीत कौर

मेरा वार्ड मेरा परिवार

**प्रदीप सिंह हैप्पी/ हरजीत सिंह मठारू मोहाली| समर न्यूज़**

समर एक्सप्रेस की ओर से ग्रुप ने अपना वार्ड अपना परिवार मुहिम शुरू की है। इसी संबंध में समर न्यूज एक्सप्रेस की टीम (मटौर) वार्ड नंबर 39 में पहुंची करीब 25 हजार की आबादी वाला वार्ड नंबर-39, जिसे पिछले कार्यकाल में वार्ड नंबर-48 के तौर पर गिना जाता था इस वार्ड की पार्षद आम आदमी पार्टी की नेता करमजीत कौर थी और अब भी वार्ड नंबर-39 की पार्षद मैडम करमजीत कौर हैं और दस सालों के विकास काम गिनाते हुए पार्षद करमजीत कौर ने बताया कि पिछले दस सालों में उन्होंने दस करोड़ से ज्यादा की राशि जुटाई है। मटौर में और भी विकास कार्य हुए हैं।वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ी मैडम सुखबीर कौर ने कहा कि आप खुद देख लीजिए कि आज हम जिस जगह खड़े हैं, वहां सफाई का बुरा हाल है, वहीं गांव में कई अवैध कब्जे भी हैं। **मटौर निवासी बड़ी संख्या में गायों से परेशान हैंः गुरबख्श बाबा...** मटौर निवासी गुरबख्श सिंह बाबा ने इस अवसर पर समर टीम से बातचीत करते हुए अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि निस्संदेह, गांव में गायों की बहुतायत के कारण ग्रामीण बहुत चिंतित हैं कि वे कहां जाएं। यहां से गुजरने वाले छोटे बच्चों और बुजुर्गों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



## गायें तो बहुतायत में हैं, लेकिन गौशाला मेयर के नियंत्रण में है

मटौर निवासी तरलोचन सिंह मटौर ने साफ तौर पर कहा कि यह बिल्कुल सच है कि गाँव में गायें हैं और इस वजह से राहगीरों और यहाँ के निवासियों को काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, लेकिन क्या करें। जिस गौशाला में इन गायों को ले जाकर रखा जाना चाहिए, वह मोहाली निगम के मेयर के नियंत्रण में है।



## हमने वार्ड की बेहतरी के लिए काम किया है और आगे भी करते रहेंगेः करमजीत कौर




पार्षद करमजीत कौर ने बताया कि उन्होंने अब तक 40 लाख रुपये की लागत से वाल्मीक धर्मशाला, 20 लाख रुपये की लागत से डिस्पेंसरी धर्मशाला, 15 लाख रुपये की लागत से रामदास से संबंधित धर्मशाला, 35 लाख रुपये की लागत से लम्मा पट्टी धर्मशाला और 30 लाख रुपये की लागत से सरपंच मोहल्ला में धर्मशाला का निर्माण करवाया है। इसके लिए हम विधायक कुलवंत सिंह के सदैव आभारी रहेंगे जिन्होंने मटौर वासियों की हर ज़रूरत को पूरा करने में मटौर को प्राथमिकता दी है और वार्ड के हर छोटे-बड़े आयोजन में वे स्वयं पहुँचते हैं। मैडम करमजीत कौर ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लिए 50 लाख रुपए की लागत से कार्यों की मंजूरी दिलवाई है और गांव में 85 लाख रुपए की लागत से नई पानी की पाइप लाइन बिछाई गई है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे वार्ड में 20 लाख रुपए की लागत से बिजली की तारें बदली गई हैं और इसके अलावा 55 लाख रुपए की लागत से सीवरेज लाइन बिछाई गई है और 10 साल में दो बार फेंजिंग का काम करवाया गया है।



## गुरतेज सिंह तेजी ने कहाः प्रवासियों की संख्या लगातार बढ़ रही है

इस अवसर पर उपस्थित गुरतेज सिंह तेजी ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने मटौर में प्रवासियों की बढ़ती संख्या के बारे में समय-समय पर सरकार के समक्ष अपनी चिंता व्यक्त की है और इस संबंध में कभी-कभी छोटी-बड़ी समस्याओं को पार्षद के ध्यान में लाया जाता है। बेशक, प्रवासियों की यह समस्या पूरे पंजाब में बनी हुई है।

## प्रवासी यहां नशा व नशे का कारोबार करते हैंः रमन

इस अवसर पर उपस्थित रमन मटौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि मटौर निवासी इस बात से बेहद चिंतित हैं कि यहां रहने वाले बड़ी संख्या में प्रवासी, खासकर युवा, नशा करते हैं और नशे का कारोबार भी करते हैं और खासकर उनके घरों में खाने-पीने की चीजें वहीं बनाई जाती हैं जहां कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, जिसे रोका जाना चाहिए। इससे बड़ी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।



## मेयर सफाई कार्यों को लेकर गंभीर नहीं : रणदीप सिंह

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्षद गुरप्रीत कौर के पति रणदीप सिंह ने कहा कि उन्होंने मोहाली निगम के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू के ध्यान में गंदगी और अन्य समस्याओं का मुद्दा कई बार लाया है और सदन में भी नियमित रूप से यह मुद्दा उठाया है, लेकिन मेयर ने इस मामले में कभी कोई सार्थक कदम नहीं उठाया। रणदीप सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या को लेकर भी उन्होंने कई बार अपनी मांग उठाई है।



## रवि अरोड़ा ने कहा मटौर निवासियों पर झूठे पुलिस मामले दर्ज किए जाते हैं

मटौर निवासी रवि अरोड़ा ने कहा कि गांव में बड़ी संख्या में अवैध कब्जे हैं और जो कोई भी उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की समस्या लेकर आता है उसके खिलाफ झूठे पुलिस मामले दर्ज कर दिए जाते हैं और उसे परेशान किया जाता है जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने पार्षद करमजीत कौर और उनके पति जसपाल सिंह मटौर को संबोधित करते हुए कहा कि मटौर में अधिकांश कब्जे लोगों द्वारा उनकी सहमति से किए जाते हैं।



## झूठे पुलिस मामलों की बात पूरी तरह झूठ हैः जसपाल सिंह मटौर

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और मैडम करमजीत कौर पार्षद के पति जसपाल सिंह मटौर ने समर टीम से बात करते हुए साफ़ तौर पर कहा कि रवि अरोड़ा द्वारा दर्ज किए जा रहे झूठे पुलिस केस सरासर झूठ हैं वे कभी किसी के साथ ऐसा करने की सोच भी नहीं सकते और अगर किसी पर कोई झूठा केस दर्ज हुआ है या हमारी संपत्ति पर कोई अवैध अतिक्रमण हुआ है तो उन्हें इस संबंध में उचित सबूत पेश करने चाहिए, बयानबाज़ी नहीं।



## पार्षदों द्वारा दुर्व्यवहार करना गलत हैः अमरजीत सिंह जीती

मोहाली निगम के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने बताया कि साफ तौर पर कहा कि मटौर गांव की गौशाला में गायों को पकड़कर गौशाला ले जाया गया। इस काम के लिए कई बार गाड़ियां भेजी गई हैं, लेकिन उन्हें हमेशा वापस भेज दिया जाता है और आम आदमी पार्टी के नेताओं और पार्षदों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है जो पूरी तरह से गलत है।



# छठ पूजाः तीन मासूम भीड़ में बिछड़े, पंचकूला पुलिस ने मासूमों का हाथ थामे रखा, सुरक्षित परिजनों से मिलवाया

**समन न्यूज़ | पंचकूला**

आज छठ पूजा के अवसर पर पंचकूला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट और फील्ड में सक्रिय रही। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज व डीसीपी सृष्टि गुप्ता स्वयं घाटों पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। सैक्टर-21 स्थित मुख्य घाट व अन्य सभी घाटो पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिसके बीच पुलिस की मुस्तैदी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह द्वारा कार्यभार संभालने के बाद से पुलिस के कार्य-संस्कृति में मानवीय दृष्टिकोण और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की नीति को पंचकूला पुलिस ज़मीन पर उतार रही है। डीजीपी द्वारा लगातार यह निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और सहायता का सबसे मजबूत व भरोसेमंद स्तंभ बनकर खड़ी रहे। छठ के इस भीड़ भरे पर्व में इसका जीवंत उदाहरण सामने आया।





डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि भीड़ के बीच तीन मासूम बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। अफरा-तफरी भरे माहौल में पुलिस ने धैर्य, करुणा और सतर्कता का परिचय देते हुए इन बच्चों को सुरक्षित माता-पिता से मिलवाया। दिल्ली से अपनी मां व पंचकूला में रहे रहे रिश्तेदारो के साथ आई 10 वर्षीय बच्ची को ड्यूटी पर तैनात एसीपी दिनेश कुमार ने रोते हुए देखा, तुरंत सूचना तंत्र सक्रिय हुआ और करीब आधे घंटे में बच्ची को मां से मिलवा दिया गया। इसी तरह साढ़े तीन वर्षीय नन्ही बच्ची भीड़ में अकेली रोती मिली। एसीपी राकेश मटोरिया ने बच्ची को रोता देख परिजनों की तलाशकी व कुछ ही देर में ढूंढ निकाला। तीसरे मामले में करीब 6 वर्षीय बच्चा अपनी मां से बिछड़ गया था। इस दौरान मां भी निरंतर रोती हुई बच्चे को ढूंढ रही थी। एसीपी दिनेश कुमार ने स्वयं प्रयास कर मां-बेटे को मिलवाया। मिलन का क्षण देखकर न सिर्फ बच्चो के परिजनो ने बल्कि मौजूद भीड़ ने पुलिस को सैल्यूट किया। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज व डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता और संवेदनशीलता की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के मानवीय कार्य पुलिस-जन विश्वास को मजबूत करते हैं और यही हरियाणा पुलिस के वर्तमान विजन का मुख्य आधार है।

# पंचकूला पुलिस ने चोरीशुदा ई-रिक्शा असल मालिक तक पहुंचाया, चंडीगढ़ में मामला दर्ज

**समन न्यूज़ | पंचकूला**

डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस की सेक्टर-10 चौकी टीम ने मानवता और पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लावारिश हालत में मिले ई-रिक्शा को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाया है। डीसीपी ने बताया कि सेक्टर-10 चौकी इंचार्ज रवि प्रकाम की टीम 13 अक्टूबर की रात गश्त पर थी इसी दौरान सेक्टर-11 बूथ मार्केट से बिना चालक खड़ा एक ई-रिक्शा बरामद किया गया। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लिया गया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि यह ई-रिक्शा बलटाना निवासी प्रेम कुमार का है, जिसकी चोरी की शिकायत 13 अक्टूबर को ही मौली जांगरा थाना, चंडीगढ़ में दर्ज की गई थी। मामले की




पुष्टि होने पर पंचकूला पुलिस ने चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन को अवगत कराया तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर 25 अक्टूबर को ई-रिक्शा उसके मालिक प्रेम कुमार को सुपुर्द कर दिया। प्रेम कुमार के अनुसार ई-रिक्शा की कीमत लगभग सवा लाख रुपये है और चोरी की घटना के बाद से वह काफी परेशान था। वाहन वापिस मिलने पर उसने पंचकूला पुलिस का आभार व्यक्त किया। डीसीपी ने कहा कि शहर में संदिग्ध या लावारिश हालत में मिले वाहनों की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है, ताकि चोरी की घटनाओं पर रोक और संपत्ति की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो सके।

# मरीजों की दुआएं ही मेरे लिए सबसे बड़ी तसल्ली : राजविंदर सिंह गिल

**सेहत**

## » सुख आयुर्वेद में नीम मसाज ऑयल, घुटनों की मालिश हेतु तेल उपलब्ध

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज**

मेरे पास जो भी मरीज आया निराश होकर नहीं गया। मुझे हमेशा मरीज और उसके पारिवारिक सदस्यों की दुआएं ही मिली हैं यही मेरे लिए सबसे बड़ी तसल्ली की बात है। यह बात सुख आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर राजविंदर सिंह गिल ने समर न्यूज एक्सप्रेस से विशेष बातचीत के दौरान कही।

राजविंदर सिंह गिल ने बताया कि जिन मरीजों को हड्डियों, घुटनों, सर्वाइकल, या शरीर में जकड़न जैसी समस्याएं हैं, वे सुख आयुर्वेद के मोहाली, लुधियाना या बरनाला कार्यालय में जरूर संपर्क करें। सुख आयुर्वेद के तीनों केंद्रों पर मरीजों के लिए नीम मसाज ऑयल, घुटनों की मालिश हेतु विशेष तेल, और सप्लीमेंट्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा सी बख्तार जूस लद्दाख की बेरी से तैयार किया गया है जो सौ प्रतिशत पल्प आधारित है इसमें न तो पानी है, न रंग, और न ही शुगर। यह जूस दिल



की बीमारियों, फैटी लिवर ग्रेड 3 और पेट संबंधी समस्याओं में लाभदायक है। महिलाओं के पैरों में दर्द या जकड़न के लिए वेरीकोज प्रोडक्ट भी विशेष रूप से तैयार किया गया है।

राजविंदर गिल ने बताया कि सुख आयुर्वेद की डॉक्टर टीम ने सलाद को ड्रॉप फॉर्म में तैयार किया है। सिर्फ तीन से पांच ड्रॉप लेने पर शरीर को ब्रोकली, शलगम और अदरक के समान लाभ प्राप्त होते हैं। गिल ने बताया कि तरनतारन की कुलबीर कौर जो पहले घुटनों के ऑपरेशन से गुजर चुकी थीं। लुधियाना ब्रांच में इलाज के बाद पहले ही दिन 80 प्रतिशत आराम महसूस कर रही हैं।

इसी तरह लुधियाना के जसवंत सिंह जो पिछले दस साल से घुटनों के दर्द और टांगों में जकड़न से परेशान थे आज इलाज के बाद बिना सहारे सीढ़ियां चढ़ उतर पा रहे हैं। जसवंत सिंह ने कहा कि सुख आयुर्वेद का स्टाफ मरीज के साथ इतना अच्छा व्यवहार करता है कि मेडिकल इलाज शुरू होने से पहले ही आधा दर्द कम हो जाता है। राजविंदर सिंह गिल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हमारे पास आने वाला हर मरीज संतुष्ट होकर जाए। परमात्मा हमें लोगों की सेवा का माध्यम बनाए रखे यही हमारी कामना है।

**सुख आयुर्वेद के कार्यालय और समय** : सुख आयुर्वेद के केंद्र मोहाली, लुधियाना और बरनाला में संचालित हैं। मोहाली सेंटर सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक लुधियाना सेंटर सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक।

दोनों कार्यलय रविवार को बंद रहते हैं। बरनाला सेंटर सुबह नौ से शाम छह बजे तक रविवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक खुला रहता है।












# बदलते मौसम में फ्लू और निमोनिया से बचाव का सबसे असरदार तरीका - टीकाकरण

**समर न्यूज | लुधियाना**

अक्टूबर का महीना उत्तर भारत में सांस संबंधी बीमारियों के बढ़ने का समय होता है। ठंड, प्रदूषण और वायरस संक्रमण के कारण फ्लू और न्यूमोनिया के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं, खासकर बुजुर्गों और कमजोर स्वास्थ्य वाले लोगों में। विशेषज्ञों के अनुसार, टीकाकरण (Vaccination) इससे बचाव का सबसे बेहतर उपाय है। न्यूमोनिया से सुरक्षा देने



वाले PCV13, PCV20 और PPSV23 टीके तथा फ्लू का टीका हर साल लगवाने की सलाह दी जाती है। फोर्टिस अस्पताल के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. कशिश दत्ता कहते हैं, "न्यूमोनिया और फ्लू के टीके सुरक्षित हैं और ICU में भर्ती होने की संभावना घटाते हैं। इलाज से बेहतर है बचाव।"

कोविड-19 बूस्टर, Tdap, Hib और MMR जैसे अन्य टीके भी सांस की गंभीर बीमारियों से सुरक्षा देते हैं।

संदेश स्पष्ट है - टीकाकरण ही सुरक्षा है।

# मौसम में बदलाव, बढ़ने लगीं दिक्कतें



बदलते मौसम ने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ा दी हैं, खासकर छोटे बच्चों में सर्दी-जुखाम, खांसी और हल्के बुखार के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। बदलते मौसम को देखते हुए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल बालू के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. कुलविंदर संधू ने अभिभावकों को बच्चों की सेहत की देखभाल के लिए पारंपरिक और आयुर्वेदिक उपाय अपनाने की सलाह दी है। मौसमी परिवर्तन के समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है, जिससे वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय बच्चों को मौसम के अनुसार गर्म कपड़े पहनाना, गुनगुना पानी पिलाना और ठंडी व बासी चीजों से दूर रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार, तुलसी, अदरक, मुलेठी, हल्दी और शहद जैसे प्राकृतिक तत्व सर्दी-जुखाम से बचाव में बेहद लाभदायक होते हैं।

सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में थोड़ा शहद और हल्दी मिलाकर देने से बच्चों को गले की खराश और खांसी से राहत मिलती है। इसके अलावा, रात में सोने से पहले हल्दी वाला दूध भी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अभिभावक बिना चिकित्सकीय परामर्श के बाजार में मिलने वाली ठंडी दवाइयों या सिरप का सेवन बच्चों को न कराएं। इनसे तत्काल राहत तो मिलती है, पर लंबे समय में नुकसान हो सकता है।

डॉ. संधू ने कहा कि बच्चों के संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और स्वच्छ वातावरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हरी सब्ज़ियां, मौसमी फल और घर का ताजा बना भोजन रोगों से बचाव में मदद करता है। हल्का व्यायाम और सुबह की धूप बच्चों के लिए सबसे अच्छा प्राकृतिक टॉनिक है।

उन्होंने कहा कि थोड़ी सावधानी और आयुर्वेदिक दिनचर्या अपनाकर मौसमी बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है और बच्चों का स्वास्थ्य लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

# कैनेडियन ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में अनहत सिंह

**टोरंटो, एजेंसी।** मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनहत सिंह पीएसए सिल्वर टूर्नामेंट कैनेडियन ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। 96,250 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में भारत की 17 वर्षीय स्टार खिलाड़ी ने दूसरे दिन सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी मेलिसा अल्वेस को 3-1 से मात दी। दिल्ली की अनहत सिंह विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज हैं। इस युवा खिलाड़ी ने राउंड ऑफ 16 में फ्रांस की विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज और छठी वरीयता प्राप्त अल्वेस को 41 मिनट तक चले मुकाबले में 12-10, 12-10, 8-11, 11-2 से शिकस्त दी।पीएसए विश्व रैंकिंग में अल्वेस से 23 स्थान नीचे रैंकिंग वाली अनहत ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को शिकस्त देकर पहली बार



किसी सिल्वर-लेवल इवेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया है। यह शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत भी थी।

इस जीत के बाद अनहत ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं। मेलिसा अल्वेस शीर्ष 20 खिलाड़ियों में से एक हैं, इसलिए मैच से पहले मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। मेलिसा सच में अच्छा खेल रही हैं। मैं बहुत खुश हूं कि इस मुकाबले में अच्छा खेल पाई। मैं पहली बार इतने बड़े आयोजन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हूं, जिसके लिए बहुत उत्साहित हूं।"

अनहत का अगला मुकाबला बेल्जियम की दूसरी वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन टिने गिलिस से होगा, जिन्होंने टोर्री मलिक को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 11-7, 11-4, 7-11, 11-7 से मात दी।

दूसरी ओर, नार्डिन गरास ने टूर्नामेंट की आठवीं वरीयता प्राप्त लुसी बीक्रॉफ्ट को शिकस्त देकर सिल्वर लेवल इवेंट में पहली बार अंतिम आठ में जगह पक्की की है। वहीं, जीना कैनेडी ने मार्टा डोमिंगुएज और अमांडा सोभी ने एलिसिया मीड को मात दी।

\ टोरंटो एथलेटिक क्लब ओपन में छठी वरीयता प्राप्त भारत के वीर चौटरानी को राउंड-ऑफ-16 में इंग्लैंड के पेरी मलिक से रोमांचक मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी।

# महिला विश्व कप के बीच भारत को झटका, प्रतिका रावल सेमीफाइनल से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल गुरुवार को नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाने वाले निर्णायक मुकाबले से बाहर हो गई हैं। 26 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के 21वें ओवर में प्रतिका बाउंड्री रोकने की कोशिश में अपना टखना चोटिल करवा बैठीं। इसके बाद उन्हें फिजियो और टीम की साथियों की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। उनकी गैरमौजूदगी में अमनजोत कौर को उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ बतौर सलामी बल्लेबाज भेजा गया। हालांकि, बारिश के चलते यह मुकाबला बेनतीजा रहा।आईएएनएस को जानकारी मिली है कि चोटिल होने के बाद प्रतिका को स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया।

सूत्रों ने सोमवार को आईएएनएस को बताया, "अभी आधिकारिक



बयान आना बाकी है, लेकिन शुरुआती अनुमानों से ऐसा नहीं लगता कि प्रतिका सेमीफाइनल खेलेंगी। बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें जिस तरह की चोट लगी थी, उसे देखते हुए तीन दिनों में इतने अहम मैच के लिए फिट होना बेहद मुश्किल है। अगर वह शेष विश्व कप से भी बाहर हो जाती हैं, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा।"

प्रतिका रावल इस विश्व कप सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने 7 मुकाबलों की 6 पारियों में 51.33 की औसत के साथ 308 रन जुटाए हैं। अगर प्रतिका विश्व कप से बाहर हो जाती हैं, तो भारतीय टीम मैनेजमेंट मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प की तलाश करेगा। इसके लिए बीसीसीआई को आईसीसी तकनीकी समिति से मंजूरी लेनी होगी। रिजर्व खिलाड़ियों की बात करें, तो तेजल हसबनीस एकमात्र विशेषज्ञ बल्लेबाज हैं।

शेफाली वर्मा इस सूची में नहीं हैं, लेकिन वह एक बाहरी विकल्प हो सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया महिला विश्व कप 2025 में 7 में से 6 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर रही। इस टीम ने अब तक एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है, जबकि 7 में से 3 मैच जीतकर भारतीय टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर रही।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच इस मुकाबले को जीतने वाली टीम 2 नवंबर को खिताबी मुकाबले में उतरेगी, जहां उसका सामना इंग्लैंड-साउथ अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल मैच की विजेता टीम से होगा।

# सिडनी में आईसीयू में भर्ती श्रेयस अय्यर, पसली में लगी है चोट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर को बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट के बाद अस्पताल भर्ती करवाना पड़ा है। इसकी जानकारी खुद बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने दी है। बीसीसीआई सचिव की ओर से जारी बयान में कहा गया, "श्रेयस अय्यर को 25 अक्टूबर 2025 को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।"बयान में कहा गया, "स्कैन से उनकी स्प्लीन में लैसरेशन इंजरी का पता चला है। अय्यर का इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है। वे अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं।

बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के परामर्श से उनकी चोट की स्थिति पर नजर रख रही है। भारतीय टीम के डॉक्टर श्रेयस के साथ सिडनी में रहेंगे और उनकी प्रोग्रेस का मूल्यांकन करेंगे।"

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 31 वर्षीय खिलाड़ी को इंटरनल ब्लीडिंग के कारण संक्रमण के फैसले का खतरा था। ऐसे में अय्यर को 2-7 दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। उनकी हालत स्थिर है। वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलियाई पारी के 34वें ओवर के दौरान चोटिल हुए थे। अय्यर इस ओवर की चौथी गेंद पर एलेक्स कैरी का कैच लपकने की कोशिश में जमीन पर गिर पड़े थे। हालांकि, उन्होंने कैच को छूटने नहीं दिया और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को पवेलियन लौटना पड़ा, लेकिन टीम इंडिया को यह सफलता भारी पड़ गई।

एक ओर एलेक्स कैरी पवेलियन लौट रहे थे, तो दूसरी तरफ जमीन पर पड़े श्रेयस अय्यर दर्द से छटपटा रहे थे। इसके बाद उन्हें फिजियो के साथ मैदान से बाहर लौटना पड़ा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ड्रेसिंग रूम में अय्यर को सांस लेने में तकलीफ का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। रिपोर्ट आने के बाद इंटरनल ब्लीडिंग का पता चला है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज का अंतिम मैच 9 विकेट से अपने नाम किया। टीम इंडिया सीरीज के शुरुआती दो मुकाबले गंवा चुकी थी। इसके बाद मेहमान टीम सम्मान की लड़ाई लड़ने उतरी थी।

# विश्व कप : इंदौर घटना के बाद नवी मुंबई में महिला क्रिकेटरों की सुरक्षा बढ़ाई गई



**मुंबई, एजेंसी।** मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के दौरान इंदौर में दो ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद नवी मुंबई में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार सुबह इंदौर के खजराना रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़ की। वे रेडिसन ब्लू होटल से पास के एक कैफे की ओर जा रही थीं। आरोपी अकील खान को मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।इसके जवाब में, टूर्नामेंट आयोजकों और स्थानीय अधिकारियों ने नवी मुंबई में टीम होटलों, प्रशिक्षण स्थलों और स्टेडियमों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।

इस घटना से पूरे भारत में प्रशंसकों और नागरिकों में व्यापक आक्रोश फैल गया और कई लोगों ने अपराधी के लिए कड़ी सजा की मांग की। साथ ही, कुछ समर्थकों ने चिंता व्यक्त की है कि सुरक्षा बढ़ाने से खिलाड़ी प्रशंसकों के लिए कम सुलभ हो सकते हैं। नवी मुंबई स्टेडियम के बाहर एक प्रशंसक ने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी घटनाएं अब भी हो रही हैं। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।"

अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा कड़ी कर दी जाएगी, साथ ही टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में खिलाड़ियों और दर्शकों, दोनों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रहेंगे।

पुलिस के अनुसार, यह घटना खजराना रोड के पास हुई। अकील खान नाम के संदिग्ध ने कथित तौर पर अपनी मोटरसाइकिल से दो खिलाड़ियों का पीछा किया, उनमें से एक को गलत तरीके से छुआ और फिर मौके से फरार हो गया।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सुरक्षा प्रबंधक डैनी सिमंस ने सबसे पहले इंदौर पुलिस को इसकी सूचना दी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के सुरक्षा अधिकारी सिमंस और स्थानीय पुलिस के बीच त्वरित सहयोग से जांच में तेजी आई।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश दंडोतिया ने आईएएनएस को बताया कि इंदौर के आजाद नगर निवासी आरोपी अकील पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर्स से छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा गया जेल

**इंदौर, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर्स से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी अकील खान को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार शख्स आदतन अपराधी है।

एडिशनल डीसीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने आईएएनएस को बताया, "घटना के 6 घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। उसकी बाइक में नंबर प्लेट नहीं थी। गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से आरोपी की एक दिन की पुलिस रिमांड मांगी गई थी।

पुलिस रिमांड के बाद रविवार शाम को आरोपी को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार शख्स आदतन अपराधी है। इंदौर पुलिस इस तरह के अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है।

"ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम इस वक्त विश्व कप 2025 में हिस्सा लेने के लिए भारत में है। 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना साउथ अफ्रीका से था। इस मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया की 2 महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया।



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर उस समय होटल रेडिसन ब्लू से पैदल कैफे की तरफ जा रही थीं। खिलाड़ियों का आरोप है कि इस बीच एक बाइक सवार युवक ने उनसे छेड़छाड़ की, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

पुलिस ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, होटल रिकॉर्ड और सुरक्षा कर्मियों के बयान दर्ज करने के बाद अपराधी को दबोच लिया। इसके साथ ही उसकी बाइक भी जब्त कर ली गई।

इस घटना के बाद टूर्नामेंट के आयोजकों और स्थानीय अधिकारियों ने नवी मुंबई में टीम होटलों, प्रशिक्षण स्थलों और स्टेडियम के आस-पास की सुरक्षा बढ़ाई थी।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 30 अक्टूबर को नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलेगी। प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया ने इस विश्व कप में अपना एक भी मैच नहीं गंवाया है। टीम ने 7 में से 6 मुकाबले जीते हैं, जबकि एक मुकाबला बारिश के चलते रद्द रहा था।

दूसरी ओर, भारतीय टीम 7 में से 3 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर रही। टीम इंडिया ने 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त झेली थी।

### पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वेटनरी स्टूडेंट का धरना अब और भी घातक साबित होने लगा

# 33 दिनों से धरना दे रहे गड़वासु के छात्रों ने बूट पॉलिश कर भूख हड़ताल शुरू की

सुनील शिंगार/ लुधियाना|
समर न्यूज़

बीते 33 दिनों से लगातार चल रहे पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वेटनरी स्टूडेंट का धरना अब और भी घातक साबित होने लगा है। धरने के 33 में दिन गड़वासु छात्रों ने बूट पॉलिश कर सरकार के खिलाफ रोष जताया तो उन्होंने अब अनियमित समय तक भूख हड़ताल करने की भी बात कही। इसी के चलते सोमवार को चार छात्र भूख हड़ताल पर भी बैठ गए। छात्रों ने सीधे तौर पर सरकार को कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता तब तक वह अपने धरना प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। इस मौके पर धरना दे रहे छात्रों ने कहा कि बीते 33 दिनों से हम लोग अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं जिसके चलते सरकार के किसी भी नेता के पास उनको मिलने का समय नहीं है। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि सरकार के पास तरणतारण चुनाव के लिए समय है और वहां पर प्रचार के लिए हर नेता पहुंच रहा है। वहीं प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार का यह रवैया गलत है। सरकार देश के युवाओं को अनदेखा कर रही है और उनका बनता हक भी नहीं दे रही। वहीं प्रदर्शनकरियों ने बताया कि उनके ही विभाग के कई पद ऐसे हैं जिनकी तनख्वाह पड़ोसी राज्यों से काफी कम है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग रखी कि उनका पे ग्रेड भी बढ़ाया जाए ताकि उनकी तनख्वाह पड़ोसी राज्यों की तनख्वाह के बराबर हो। वहीं छात्रों ने बताया कि भूख हड़ताल के दौरान अगर किसी भी छात्र के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो उसकी जिम्मेदार सीधे तौर पर सरकार होगी।







### बस्ती जोधेवाल के पास बोलेरो ने मचाई तबाही

# कार और बाइक को मारी टक्कर, तीन लोग घायल व चालक फरार

अशवनी पाहवा/शेखर वर्मा/लुधियाना|
समर न्यूज़

*बस्ती जोधेवाल स्थित शक्ति नगर नेशनल हाईवे पर रविवार की बाद दोपहर एक भयानक सड़क हादसा हुआ। हादसे के दौरान एक वेन्यू कार और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए। वहीं हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिन्हें तुरंत राहगीरों ने निजी वाहनों पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे के बाद बोलेरो चालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामले की सूचना थाना टिब्बा की पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पुहंच वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी चालक की पहचान की जा सके। अस्पताल में घायल दीपक कुमार ने बताया कि वह अपने बाइक पर पेट्रोल पंप के सामने साथी दोस्त का इंतजार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार करने से टक्कर मार दी। दीपक के अनुसार उसे पता ही नहीं चला कि उसके साथ यह हादसा कैसे हुआ है। जब उसे होश आया तो वह एंबुलेंस में था। वहीं हादसे में घायल अन्य दो लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। थाना टिब्बा के प्रभारी के अनुसार बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया है, जल्दी ही पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।*







# आरटीओ दफ्तर बंद नहीं होंगे जबकि वाहनों की आरसी, परमिट और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अब सेवा केंद्र जरिए होगा काम

सुनील शिंगार/ लुधियाना|
समर न्यूज़

ट्रांसपोर्ट विभाग में होने वाले लगभग सभी काम अब सेवा केंद्र के जरिए होंगे। इसका मतलब यह नहीं की आने वाले दिनों में आरटीए दफ्तर बंद हो जाएगा। जबकि आरटीए दफ्तर में होने वाले हर काम की फीस और उक्त दस्तावेज को अब सेवा केदो के जरिए ही अप्लाई किया जाएगा। क्योंकि इससे पहले ऑनलाइन फीस भरने के लिए आरटीओ दफ्तर में कोई भी प्रावधान नहीं था। यह सारे काम लोग खुद करते थे या फिर एजेंट के जरिए ही करवाते थे। अब इसके लिए पंजाब सरकार और आर.टी.ओ. (रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस) ने चरणबद्ध तरीके से काम करना शुरू कर दिया है। आर.टी.ओ. ऑफिसों की अधिकांश सेवाएं अब नजदीकी सेवा केंद्रों में उपलब्ध कराई जाएंगी। जानकारों का मानना है कि ऐसा करने से लोगों को ज्यादा सुविधा तो नहीं मिल सकती लेकिन सेवा केंद्र का एक चक्कर जरूर बढ़ जाएगा। क्योंकि कुछ दस्तावेज ऐसे ही है जिनको लेने के लिए हर व्यक्ति को आरटीओ दफ्तर में जाना ही पड़ेगा।

### इन कामों के लिए जाना ही पड़ेगा आरटीओ दफ्तर



सांझ केंद्र।

*सेवा केंद्रों में मिलने वाली सुविधा के जरिए आप हर काम की फीस भर सकते हैं। लेकिन बावजूद इसके कई काम ऐसे हैं जिनके लिए आपको आरटीओ दफ्तर जाना ही पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर जैसे आपका ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटा है। चालान की फीस आपको सेवा केंद्र में भरनी पड़ेगी जबकि आपका जप्त हुआ ड्राइविंग लाइसेंस या फिर आरसी आपको आरटीओ दफ्तर से ही मिलेगी। ऐसे ही कमर्शियल वाहनों की फीस, उसकी लेट फीस के हिसाब किताब के लिए भी आपको आरटीओ के दफ्तर जाना ही पड़ेगा। वाहनों के ऑफलाइन टैक्स भरवाने के लिए भी आरटीओ दफ्तर में ही काम होगा। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए फीस तो सेवा केंद्र में भरी जाएगी लेकिन टेस्ट देने आपको ऑटोमेटिक ड्राइविंग ट्रैक पर ही जाना पड़ेगा।*

### भ्रष्टाचार और आरटीओ ऑफिसों का गहरा रिश्ता

*आर.टी.ओ. विभाग में लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रही हैं। विजिलेंस विभाग ने पिछले कुछ वर्षों में दर्जनों मामले दर्ज किए हैं, जिनमें रिश्वत लेकर ड्राइविंग लाइसेंस या आर.सी. जारी करने के आरोप लगे। लुधियाना के तत्कालीन आर.टी.ओ. नरिंदर सिंह धालीवाल को भी इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। मामला फिलहाल अदालत में लंबित है। करीब चार माह पहले विजिलेंस विभाग ने राज्यभर में एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया था, जो बिना टेस्ट दिए रिश्वत लेकर लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में मदद करता था। इस कार्रवाई में 42 एजेंटों की गिरफ्तारी हुई थी, जिनमें कुछ महिला कर्मी भी शामिल थीं।*

## साइंटिस्ट का पालतू कुत्ता चोरी, कार सवार अज्ञात पर पर्चा

लुधियाना| शहर के ऋषि नगर इलाके में सड़क पर घूमते हुए एक पालतू कुत्ते को कुछ अज्ञात लोगों ने सड़क पर घूम रहे एक पालतू कुत्ते को उठा लिया। यह कुत्ता साइंटिस्ट संजीव कुमार का बताया जा रहा है। संजीव कुमार ने बताया कि उनका कुत्ता रोजाना की तरह गली में टहल रहा था। उस समय उसके गले में पट्टा नहीं लगा हुआ था। काफी देर तक जब कुत्ता घर नहीं लौटा तो परिवार ने आस-पड़ोस में उसे ढूंढना शुरू किया। तलाश के दौरान जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए तो फुटेज में नजर आया कि कुछ लोग कार में आकर कुत्ते को उठा ले गए। घटना का पता लगने पर संजीव कुमार ने थाना पीएयू पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी ने बताया कि इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अब तक की जांच में पता चला है कि संदिग्ध कार डीएमसी अस्पताल तक ट्रेस की गई, लेकिन उसके बाद गाड़ी का कोई सुराग नहीं मिला। अधिकारी के मुताबिक फुटेज में कार का नंबर साफ दिखाई नहीं दे रहा, जिससे जांच में कठिनाई हो रही है।

# वाह रे अफसरों! निगम ऑफिस के पास पैचवर्क और शहर को बोला टेंडर के बाद होगा काम

विक्की मेहता/ लुधियाना|
समर न्यूज़

पूरे शहर की सड़कों पर पड़े हुए गड्ढे तो निगम अधिकारियों को दिखाई नहीं दिए जबकि अपने ही दफ्तर के बाहर उन्होंने पैच वर्क करवा वाहवाही बटोरने की कोशिश की। निगम अफसरो भूल गए कि आपने तीन दिन पहले आपने कहा था कि पैच वर्क की टेंडर प्रक्रिया चल रही है। 31 अक्टूबर को यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पूरे शहर में पैच वर्क होगा। फिर इस प्रक्रिया के बीच में यही पेचवर्क आपको सबसे जरूरी लगा। गढ़ों से परेशान पूरे शहर के लोग आपको नजर नहीं आए या फिर आप हमेशा की तरह इस बार भी अपनी सुविधा का ही ध्यान रखे हुए हो। चलो फिर भी शुक्र है कि आखिरकार काम शुरू तो हुआ चाहे वह आपके ही दफ्तर के बाहर से हुआ। बता दें कि 26 अक्टूबर को समर एक्सप्रेस में इस खबर को प्रमुखता के आधार पर प्रकाशित किया गया था कि शहर में आने वाले दूसरे शहरों के व्यापारियों का सड़क पर पड़े खड्डों से स्वागत किया जाता है।


निगम के वर्कर पेचवर्क करते हुए।

## कपड़ा, मोबाइल सहित कई अहम बाजारों को जाने वाली सड़कें टूटी

महानगर के अंदरूनी इलाका में बने कपड़ा मार्किट (एसी मार्किट, अकालगढ़ मार्किट, गांधीनगर, चोड़ा बाजार), जूता मार्किट (प्रताप बाजार, अकालगढ़ मार्किट और घंटाघर के आसपास की मार्किट), टायर मार्किट (लोकल बस अड्डा के पास का बड़ा एरिया) और माता रानी मंदिर के पास स्थित मोबाइल मार्केट व दवाइयों के लिए मशहूर पिंडी गली के लिए जाने वाली सारी सड़कों पर इन दोनों बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं। बड़ी बात यह है कि इन सभी मार्किट में लुधियाना ही नहीं पूरे पंजाब वह आसपास के राज्य के लोग भी सामान खरीदने के लिए पहुंचते हैं।

## लिव-इन में रह रही युवती ने की चोरी, साथियों संग युवक को ब्लैकमेल कर वसूले 5 हजार

अशवनी पाहवा | लुधियाना

लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही एक युवती द्वारा अपने साथी के घर से नकदी और सोना चोरी करने और बाद में उसे ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। थाना हैबोवाल पुलिस ने जांच के बाद सिल्वर सिटी हैबोवाल निवासी मनदीप सिंह की शिकायत पर तीन आरोपियों राजवीर कौर, न्यू दिल्ली निवासी सरस्वती और मोहाली निवासी रॉकी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मनदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी राजवीर कौर से काफी समय से जान-पहचान थी। नजदीकी बढ़ने पर दोनों ने लिव-इन रिलेशन में रहना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद राजवीर उसके घर से नकदी और सोना चोरी कर ले गई। इसके बाद राजवीर ने अपनी सहेली सरस्वती के मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कॉल पर मनदीप को धमकी दी कि अगर उसने पैसे न दिए, तो वह उसके खिलाफ रेप का केस दर्ज करवा देगी। मनदीप के अनुसार राजवीर, सरस्वती और रॉकी ने मिलकर उसे धमकाना शुरू कर दिया और दबाव बनाकर 5 हजार रुपए वसूल लिए। थाना हैबोवाल के जांच अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## शादी के बाद विदेश गई बहू ने पति व ससुरालियों से तोड़ा संपर्क, एफआईआर

सौरव अरोड़ा/लुधियाना|
समर न्यूज़

शादी करवा कर विदेश गई बहु पर ससुराल पक्ष ने मुकदमा दर्ज करवाया है। ससुर ने बहू पर आरोप लगाया है उन्होंने खुद के खर्चे पर उस को विदेश भेजा था। विदेश जाने के बाद उनकी बहू ने ना तो उनके साथ संपर्क किया और ना ही अपने पति को विदेश बुलाया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई तो थाना रायकोट की पुलिस ने पीड़ित दविंदर सिंह के बयानों पर उसकी बहू हरमनप्रीत कौर उसके पिता रणजीत सिंह व मां करमजीत कौर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया है। दविंदर सिंह ने बताया कि उसने अपने बेटे की शादी हरमनप्रीत नाम की लड़की से करवाई थी। शादी में कुल 8 लाख रुपए खर्च हुए जबकि 25 लाख रुपए लगाकर उसने हरमनप्रीत कौर को कनाडा भेज दिया। दविंदर सिंह ने बताया कि कनाडा जाने के बाद हरमनप्रीत कुछ समय बाद तो उनके संपर्क में रही जबकि बाद में उसने उससे संपर्क तोड़ दिया। इस मामले की जांच कर रहे थाना रायपुर के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हरमनप्रीत कौर के मां-बाप भी फरार हैं।

## पुलिस की अपील: हर मैसेज पर न करें क्लिक

लुधियाना| शनिवार की सुबह लुधियाना के एसीपी ईस्ट सुमित सूद का मोबाइल फोन हैकरों के द्वारा हैक किया जाता है। जिसके बाद हैकर ने एसीपी के मोबाइल में सेव करीब 900 लोगों को मैसेज भेज दिए। हैकर्स और लोगों को मैसेज भेज पाते, इससे पहले ही मामला सामने आ गया। एसीपी ने सोमवार को इस संबंध में साइबर सेल को शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसीपी सुमित सूद ने बताया कि जब उनका मोबाइल हैक हुआ, उस समय वे शहर से बाहर थे। उनके मोबाइल से भेजे गए मैसेज मिलने पर कई लोगों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन हैक होने के कारण संपर्क नहीं हो सका।उन्होंने बताया कि अब तक किसी के साथ भी फ्रॉड की घटना सामने नहीं आई है। करीब 400 लोगों ने उनसे सीधे बात की है। एसीपी ने कहा कि अगर किसी के साथ उनके नाम से भेजे गए मैसेज के जरिए कोई धोखाधड़ी हुई है, तो वे तुरंत उनसे संपर्क करें ताकि जांच में मदद मिल सके।

### शिवरात्रि शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा से भगवान भोलेनाथ का स्वागत होगा


बैठक करते दौरान उपस्थित सदस्य।

समर न्यूज़ | लुधियाना

शिवरात्रि महोत्सव कमेटी (रजि.) की ओर से 39वीं विशाल शिवरात्रि शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक कैलाश चौक स्थित नवभारती पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रमोहन हांडा ने की, जबकि शुभारंभ महिला मंडली की प्रीति शर्मा, सुभाष सेठी और हरीश ग्रोवर ने भजन गायन से किया। कमेटी के चेयरमैन सुनील मेहरा और प्रधान संजय गुप्ता ने बताया कि बीते 38 वर्षों से शिवरात्रि शोभायात्रा का आयोजन भव्य रूप में किया जा रहा है जिसका उद्देश्य समाज में धार्मिक एकता और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस बार की शोभायात्रा गऊघाट मंदिर से प्रारंभ होकर रामलीला कमेटी दरेसी, घंटाघर चौक होते हुए संगला वाला शिवाला तक पहुंचेगी, जहां महंत दिनेश पुरी द्वारा आरती की जाएगी। यात्रा के दौरान शहरभर में फूलों की वर्षा कर भगवान भोलेनाथ का स्वागत किया जाएगा।

इस अवसर पर राजीव टंडन और संदीप थापर गोरा ने कहा कि आतंकवाद के दौर में भी यह यात्रा श्रद्धा से निकाली जाती रही है और अब माहौल शांतिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस बार उन दिग्गज नेताओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हिंदू समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैठक में प्रवीण शर्मा, पवन शर्मा, विनोद कुमार, डिप्टी कपूर, पवन मल्होत्रा, नीरज बिरला, एडवोकेट मुनीष आहूजा, अमित गुप्ता, राजेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्जला व्रत के साथ मनाया जा रहा है छठ महापर्व का दूसरा दिन

साक्षी शर्मा/ लुधियाना|
समर न्यूज़

लुधियाना में छठ पूजा का पर्व इस बार पूरे धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। शहर के हर हिस्से में आस्था का एक अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। आज इस महापर्व का दूसरा दिन है, जिसे निर्जला व्रत के रूप में जाना जाता है। श्रद्धालु पूरे दिन निर्जल रहकर सूर्य भगवान की आराधना कर रहे हैं। शाम होते ही महिलाएं और पुरुष घाटों व जलाशयों पर पहुँचकर जल में खड़े होकर अर्घ्य अर्पित करते दिखाई दिए। तीन दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान लुधियाना भक्ति और संस्कृति का केंद्र बना हुआ है। घाटों पर लोकगीतों और छठ मैया के भजनों की गूंज वातावरण को पवित्र बना रही है। शहरवासी न केवल पूजा में हिस्सा ले रहे हैं, बल्कि इस भव्य आयोजन को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। त्योहार के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। छठ पूजा के इस पावन अवसर पर लुधियाना भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक एकता के रंगों में सराबोर दिखाई दे रहा है।



ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 52